रोहतक

गुरुवार 22 जनवरी 2026

माघ मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 354
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


**मौसम**

| | |
|---|---|
| अधि. | 25.6 |
| न्यून. | 4.0 |


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,909.63 | 270.84 ▼ |
| निफ्टी | 25,157.50 | 75.00 ▼ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 1,59,700/- | 6500/- ▲ |
| चांदी | 3,34,300/- | 11300/- ▲ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 91.73 | 76 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल 63.70 बैरल | | 1.88% ▼ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*






## सीएक्यूएम की सुप्रीम कोर्ट में दलील, लोगों का दम घोंट रहे व्हीकल

# दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण वाहनों का धुआं

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के लिए वाहनों से होने वाला प्रदूषण सबसे अधिक जिम्मेदार है। इसके साथ ही, आयोग ने बिगड़ते वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में सुधार के लिए 15 दीर्घकालिक उपायों की सिफारिश की। आयोग की ओर से न्यायालय में पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ को बताया कि 2015 से 2025 तक के अध्ययनों के विश्लेषण से पता चलता है कि दिल्ली में पीएम2.5 (हवा में 2.5 माइक्रोमीटर या उससे कम व्यास के कण) की मौजूदगी का कारण राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के भीतर प्राथमिक उत्सर्जन (धूल, कार्बन मोनोऑक्साइड) और द्वितीयक कण का मिश्रण है।



### आयोग ने प्रदूषण रोकने के तरीके बताए

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने एआई निगरानी, रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन टोल संग्रह और रिमोट सेंसिंग के जरिए प्रदूषण और ट्रैफिक के स्मार्ट प्रबंधन पर जोर दिया

इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा, पुरानी गाड़ियों को हटाना, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार और ट्रकों को सीएनजी/एलएनजी पर शिफ्ट करना

सार्वजनिक परिवहन का सुदृढ़ीकरण, मेट्रो, रेल और ई-बसों के नेटवर्क का विस्तार, लास्ट माइल कनेक्टिवटी सुनिश्चित करना

### अरावली में रोक के बाद भी अवैध खनन : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को अरावली पहाड़ियों पर सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि रोक के बावजूद भी अवैध खनन चल रहा है। इससे ऐसे हालात बनेंगे, जिन्हें सुधार नहीं सकेंगे। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि खनन रोकने के लिए विशेषज्ञों की एक एक्सपर्ट कमेटी गठित करेगा। कोर्ट ने राजस्थान सरकार से गारंटी ली कि अरावली क्षेत्र में किसी भी तरह का खनन नहीं होने दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने 20 नवंबर को जारी आदेश में 100 मीटर से छोटी पहाड़ियों पर खनन के आदेश दिए थे। जिससे पूरे देश में 100 मीटर की परिभाषा को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। 29 नवंबर को अपने ही आदेश पर रोक लगा दी थी। मामले की जांच के लिए एक्सपर्ट कमेटी गठित करने के निर्देश देते हुए केंद्र और अरावली के चार राज्यों (राजस्थान, गुजरात, दिल्ली और हरियाणा) को भी नोटिस जारी कर इस मुद्दे पर जवाब मांगा था।

### श्रीनगर में प्रदूषण स्तर 7 साल में सबसे खराब

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर का एयर पॉल्यूशन 7 साल में सबसे खराब स्तर पर पहुंच गया है। बुधवार को शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स 308 रिकॉर्ड हुआ। एयर मॉनिटरिंग डेटा के मुताबिक, जनवरी में शहर की एयर क्वालिटी काफी खराब रही है। श्रीनगर का मौजूदा औसत पीएम 2.5 कंसंट्रेशन 115 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर है, जो डब्ल्यूएचओ की बताई गई लिमिट से काफी ज्यादा है। इस लेवल पर एक्सपोजर से हेल्थ रिस्क जुड़ा है, जो एक दिन में चार से ज्यादा सिगरेट पीने के बराबर है। 2019 के बाद से 2026 श्रीनगर का सबसे प्रदूषित साल रहा है, जिसका औसत एक्यूआई-159 रहा। इसके उलट, 2023 में पिछले सात सालों में सबसे साफ हवा रिकॉर्ड की गई, जिसका औसत एक्यूआई-49 रहा।

### टैरिफ से ज्यादा प्रदूषण से हानि : गोपीनाथ

**दावोस।** भारत की अर्थव्यवस्था पर प्रदूषण का प्रभाव अब तक भारत पर लगाए गए किसी भी शुल्क (टैरिफ) के प्रभाव से कहीं अधिक गंभीर है। यह बात हार्वर्ड विश्वविद्यालय की प्रोफेसर और पूर्व आईएमएफ मुख्य अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ ने बुधवार को विश्व आर्थिक मंच (वर्ल्ड इकोनॉमिक फ़ोरम) में कही। उन्होंने देश में पर्यावरणीय क्षरण से जुड़ी भारी आर्थिक लागतों पर जोर दिया। गोपीनाथ ने कहा, "एक ऐसा क्षेत्र, जिसकी ओर मैं ध्यान दिलाना चाहती हूं और जिसके बारे में हम आमतौर पर व्यापार विकास की चर्चा करते समय बात नहीं करते वह है प्रदूषण।" उन्होंने जोड़ा कि प्रदूषण और उससे जुड़े स्वास्थ्य प्रभाव, व्यापार बाधाओं की तुलना में उत्पादकता और सार्वजनिक वित्त पर कहीं अधिक बोझ डालते हैं। उन्होंने बताया कि खराब वायु गुणवत्ता के कारण स्वास्थ्य सेवाओं की लागत बढ़ती है, काम के घंटे नष्ट होते हैं और कार्यबल की दक्षता घटती है, जिसका दीर्घकालिक आर्थिक प्रदर्शन पर भारी नकारात्मक असर पड़ता है। हालांकि नीति बहसों में अक्सर शुल्क (टैरिफ) हावी रहते हैं।

## खबर संक्षेप

### 9 मिनट में व्यापारी के घर से उड़ाया 45 लाख का सोना, 7 लाख नगदी

**पानीपत।** पॉश इलाके सेक्टर-12 में बुधवार दोपहर बाद चोरों ने हैंडलूम कारोबारी ईश खुराना के घर को निशाना बनाते हुए 9 मिनट के भीतर करीब 30 तोले सोने के आभूषण और 7 लाख रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने घर के पालतू कुत्ते को बिस्कुट डालकर शांत किया ताकि वह भौंक न सके। वारदात उस समय हुई जब परिवार एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। सीसीटीवी फुटेज की जांच में पता चला कि चोरों ने घर की रेकी की और वारदात की।

### ग्रासा माशेल को मिलेगा इंदिरा गांधी शांति अवार्ड


**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी शांति निरस्त्रीकरण और विकास पुरस्कार 2025 की घोषणा कर दी गई है।



इस वर्ष यह प्रतिष्ठित सम्मान अफ्रीका की समाजसेवी और मानवाधिकार कार्यकर्ता ग्रासा माशेल को देने का फैसला किया है। इस जूरी की अध्यक्षता भारत के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और पूर्व विदेश सचिव शिवशंकर मेनन कर रहे हैं। जूरी के अनुसार ग्रासा माशेल का पूरा जीवन आत्म-शासन के संघर्ष, मानवाधिकारों की रक्षा और कमजोर वर्गों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए समर्पित रहा है। *एजेंसी*

## प्रयागराज में एयरफोर्स का प्लेन क्रैश, तालाब में गिरा

### तकनीकी खराबी आने से हवा में लड़खड़ाया पायलट ने दिखाई सुझबूझ, आबादी से दूर गिराया



**प्रयागराज।** प्रयागराज में एयरफोर्स का ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया। एयरक्राफ्ट हवा में उड़ते-उड़ते डगमगाया और जलकुंभी के तालाब में गिर गया। 2 सीटर एयरक्राफ्ट में सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं। हादसा बुधवार दोपहर करीब 12:20 बजे केपी कॉलेज के पीछे हुआ। यह शहर के बीचों-बीच का इलाका है। तालाब के पास स्कूल और रिहायशी कॉलोनियां हैं। यहां से माघ मेले की दूरी 3 किमी है। हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया, एयरक्राफ्ट क्रैश होने से पहले दोनों पायलट पैराशूट से कूद गए और तालाब में गिरे। वहां दलदल में फंस गए थे, जिन्हें स्थानीय लोगों ने बाहर निकाला।

## तीन बच्चियों सहित 6 हत्या करने वाले साइको किलर को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

**जान-पहचान बनाकर लड़कियों से करता था छेड़छाड़**

***विरोध करने पर गला घोंटकर नहर में फेंक देता था शव***

तीन नाबालिग लड़कियों समेत 6 हत्याएं करने वाले साइको किलर सिंह राज को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही आरोपी पर एक लाख रुपय जुर्माना भी लगाया। सिंह ने सभी को गला घोंटकर मौत के घाट उतारा। फिर लाश को बोरे में डालकर आगरा नहर में फेंक दिया गया। साइको किलर सिंह राज सभी लड़कियों के परिवार से पहले जान-पहचान बनाता था। फिर मौका मिलते ही छेड़खानी करता। वह छोटी बच्चियों को अपना निशाना बनाता था। सिंह राज जसाना गांव का रहने वाला है। वह सेक्टर 16 स्थित एक निजी अस्पताल में सिक्योरिटी गार्ड था। उसने पहली बार 1987 में अपने चाचा और चचेरे भाई की गला घोंटकर हत्या की थी। पुलिस ने इसको गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन कोर्ट में सबूत के अभाव में उसको बरी कर दिया गया। 2022 में युवती की हत्या के आरोप में उसे फिर गिरफ्तार किया गया।

### टी-20 वर्ल्ड कप का शेड्यूल बदलने से इनकार

## आईसीसी की दो टूक, बांग्लादेश नहीं माना तो स्कॉटलैंड को मौका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश को अपने टी-20 वर्ल्ड कप के मैच भारत में ही खेलने होंगे। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को सोचने के लिए एक दिन का और समय दिया। अगर बीसीबी ने मना किया तो उनकी जगह स्कॉटलैंड को मौका मिलेगा। क्रिकइन्फो के मुताबिक इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ( आईसीसी) की मीटिंग में 16 में से 14 देशों ने बीसीबी के खिलाफ वोट किया। उन्हें सिर्फ पाकिस्तान ने सपोर्ट किया। हालांकि, अब 22 जनवरी को फैसला होगा कि बांग्लादेश आईसीसी टूर्नामेंट खेलेगा या नहीं।

- बीसीबी को एक दिन में जवाब देने को कहा

### मीटिंग में आईसीसी ने सख्त रवैया अपनाया

आईसीसी ने बुधवार को बीसीबी और बाकी सदस्यों के साथ मीटिंग की। आईसीसी ने कहा, अगर बांग्लादेश टूर्नामेंट खेलने के लिए भारत नहीं गया तो उन्हें दूसरी टीम से रिप्लेस कर दिया जाएगा। आईसीसी के ज्यादातर मेंबर्स ने मीटिंग में इस फैसले का समर्थन किया। जिसके बाद बीसीबी को सोचने के लिए एक दिन और समय दे दिया। आईसीसी ने यह भी कहा कि सिक्योरिटी असेसमेंट में सामने आया कि बांग्लादेश के प्लेयर्स, मीडियाकर्मी, ऑफिशियल्स और फैंस को भारत में कोई खतरा नहीं है। इसलिए वेन्यू बदलने का सवाल ही नहीं होता। अगर बांग्लादेश वर्ल्ड कप से हटा तो स्कॉटलैंड को वर्ल्ड कप में एंट्री मिलेगी। स्कॉटलैंड की टीम यूरोपियन क्वालिफायर में नीदरलैंड और इटली के बाद नंबर-3 पर रही थी।

## ईरान में फंसे भारतीय छात्रों का एक और दल स्वदेश लौटा

**नई दिल्ली।** ईरान में फंसे भारतीय छात्रों का दूसरा दल मंगलवार रात को सुरक्षित भारत लौट आया है। जम्मू-कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन के मुताबिक, मौजूदा हालात के बीच यह वापसी छात्रों और उनके परिवारों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है। छात्र दुबई और शारजाह के रास्ते एअर इंडिया की फ्लाइट से दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे। सभी छात्र अपने खर्च पर भारत लौटे हैं। अब तक 200 से अधिक भारतीय छात्र ईरान से भारत लौट चुके हैं, जिनमें बड़ी संख्या जम्मू-कश्मीर के छात्रों की है। अजरबैजान और मस्कट होकर चलने वाली कनेक्टिंग फ्लाइट्स सहित सिविल एविएशन सेवाएं पहले रद्द होने के कारण कई छात्र समय पर वापस नहीं आ पाए थे।

## दिव्यांगता की विभिन्न डिग्री के आधार पर अंक देना अस्वीकार्य : हाईकोर्ट

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने दिव्यांग कर्मचारियों को अलग-अलग अंक देने की राज्य की ट्रांसफर पॉलिसी को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर हरियाणा को नोटिस जारी किया है। यह मानते हुए कि इस मुद्दे पर विचार-विमर्श की आवश्यकता है, हाईकोर्ट ने सरकार को अपना जवाब दाखिल करने का समय दिया। हाईकोर्ट की पीठ के समक्ष प्रस्तुत याचिकाओं में ट्रांसफर पॉलिसी को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता से पीड़ित कर्मचारी दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत एक समरूप वर्ग बनाते हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि दिव्यांगता की विभिन्न डिग्री के आधार पर अंक देना अस्वीकार्य है। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि अलग अंकन अधिनियम में निहित वैधानिक योजना और समान व्यवहार के सिद्धांत का उल्लंघन करता है।



सरकार को जवाब दाखिल करने को कहा

### कुरुक्षेत्र पहुंचे कांग्रेस नेता, हरियाणा व उत्तराखंड के जिलाध्यक्षों से की मुलाकात

## अनुशासन की नसीहत और जिलाध्यक्षों को मार्शल आर्ट के गुर सिखा गए राहुल

**गांव-गांव जाकर लोगों को अपने साथ जोड़ें**

**कुरुक्षेत्र (हरिभूमि न्यूज)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कुरुक्षेत्र में हरियाणा और उत्तराखंड के जिला अध्यक्षों से मुलाकात की। इसमें हरियाणा के 32 जिलाध्यक्ष और उत्तराखंड के 28 जिलाध्यक्ष मौजूद रहे। 'संगठन सृजन अभियान' के तहत यह ट्रेनिंग कैंप लगाया गया था। इस दौरान उन्होंने सभी जिला अध्यक्षों को कहा कि वह गांव-गांव जाकर लोगों को अपने साथ जोड़ें। जिस तरह से देश से मुगल और ब्रिटिश चले गए, एक दिन भाजपा वाले भी चले जाएंगे। राहुल ने कांग्रेस प्रभारी बीके हरिप्रसाद, विधायक दल नेता भूपेंद्र हुड्डा और प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह से कहा कि पार्टी में अनुशासन को सख्ती से लागू करें।



**पार्टी विरोधी बयानबाजी व गतिविधियों में शामिल लोगों पर सख्त कार्रवाई करे प्रदेशाध्यक्ष**

**शिविर में संगठन मजबूत करने और चुनाव लड़ने की रणनीति सिखाने पर रहा जोर**

### राहुल से शिकायत, कई नेता पार्टी विरोधी बयानबाजी कर रहे

इस दौरान कई जिला अध्यक्षों ने राहुल से शिकायत की कि प्रदेश के कई नेता पार्टी विरोधी बयानबाजी करते हैं। मीडिया में खबरें लीक की जाती हैं। जिससे भाजपा को बैठे-बैठाए मुद्दा मिल जाता है। जिसके बाद राहुल गांधी ने पार्टी विरोधी गतिविधि और बयानबाजी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए कहा। इस दौरान राहुल गांधी ने फुल ड्रेस में आधे घंटे तक जिला अध्यक्षों को मार्शल आर्ट के दांव-पेंच भी सिखाए।

### राहुल गांधी ने कहा- मैं मजाक उड़ाने की परवाह नहीं करता

राहुल गांधी बुधवार सुबह अंबाला एयरफोर्स स्टेशन पर उतरे। इसके बाद वह करीब 11.19 बजे कुरुक्षेत्र पहुंचे। सबसे पहले वह जिला अध्यक्षों के परिवार से मिले। उनके साथ फोटो खिंचवाईं। फिर लंच हुआ। उसके बाद जिला अध्यक्षों के साथ ट्रेनिंग सेशन हुआ। राहुल गांधी ने माहौल को हलका करने के लिए कहा कि लोग मेरे उलटे-सीधे नाम रखकर मजाक उड़ाते हैं लेकिन मैं परवाह नहीं करता। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के इतिहास, विचारधारा और आगामी रणनीति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी जिला अध्यक्ष पूरी मेहनत, जोश और जुनून से काम करें।




## प्री-बजट संवाद : मुख्यमंत्री ने पानीपत और मानेसर में उद्यमियों से की चर्चा

**कपड़ा उद्यमियों की मांग पर मुख्यमंत्री ने किया ऐलान, दस एकड़ भूमि उपलब्ध करवाई जाएगी**

# पानीपत में खुलेगा अंतरराष्ट्रीय स्तर का टेक्सटाइल संस्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि पानीपत बुनकरों की और ऐतिहासिक नगरी है जहां का कपड़ा उद्योग प्रदेश के साथ-साथ पूरे भारत में नाम रोशन कर रहा है। पानीपत आज तेज गति से खाद्य प्रसंस्करण केन्द्र के रूप में भी तेजी से उभर रहा है। इसी को देखते हुए विभिन्न उद्योग संगठनों की मांग पर पानीपत में अंतरराष्ट्रीय स्तर का टेक्सटाइल संस्थान बनाया जाएगा, जिसके लिए 10 एकड़ जमीन उपलब्ध करवाई जाएगी। इस संस्थान में अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों पर तकनीकी दक्षता उपलब्ध करवाई जाएगी। वहीं, मुख्यमंत्री सैनी, बुधवार को पानीपत में आयोजित पानीपत, सोनीपत और करनाल में टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री और विभिन्न उद्योगों से जुड़े प्रतिनिधियों से बजट पूर्व परामर्श बैठक में उपस्थित उद्योगपतियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विभिन्न उद्योग संगठनों की मांग पर हरियाणा आत्मनिर्भर टेक्सटाइल पॉलिसी की अवधि को एक वर्ष के लिए बढ़ाकर 18 दिसंबर तक कर दिया है। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता व अधिकारी मौजूद रहे।

■ हरियाणा आत्मनिर्भर टेक्सटाइल पॉलिसी की अवधि एक साल बढ़ाई





### कपड़ा उद्यमियों के लिए 367 करोड़ की ग्रांट स्वीकृत

उन्होंने प्रधानमंत्री के फार्म टू फाइबर, फाइबर टू फैक्ट्री, फैक्ट्री टू फैशन और फैशन टू फोर्न फाइव-एफ के मंत्र का भी जिक्र किया और कहा कि हरियाणा में भी इसी फाइव-एफ विजन को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने हरियाणा आत्मनिर्भर टेक्सटाइल पॉलिसी के तहत 354 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनके लिए 367 करोड़ रुपये की ग्रांट स्वीकृत की जा चुकी है। यह पॉलिसी सभी उद्यमियों के विश्वास का प्रतीक है।

### युवा इनोवेटर्स प्रदेश की अर्थव्यवस्था को कर रहे मजबूत



*मानेसर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बुधवार को मानेसर में आयोजित बजट-पूर्व परामर्श कार्यक्रम में स्टार्टअप संस्थापकों एवं उद्यमियों के साथ संवाद किया और कहा कि युवा इनोवेटर्स और स्टार्टअप्स हरियाणा की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गत 16 जनवरी को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस मनाया गया था और आज का बजट-पूर्व परामर्श उसी उत्सव की कड़ी है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के विचार का उल्लेख करते हुए कहा कि स्टार्टअप इंडिया केवल एक सरकारी योजना नहीं है, बल्कि यह एक रेनबो विजन है, जो अलग-अलग सेक्टर्स को नई संभावनाओं से जोड़ता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले 10 वर्षों में देश में स्टार्टअप्स की संख्या 500 से बढ़कर 2 लाख से अधिक हो गई है। इसमें हरियाणा का योगदान अग्रणी रहा है, विशेषकर गुरुग्राम और मानेसर का। हरियाणा में अब 9,500 से अधिक स्टार्टअप्स हैं और राज्य इस मामले में देश में सातवें स्थान पर है। साथ ही, हरियाणा से 19 यूनिकॉर्न्स भी सामने आए हैं।*

### विकास कार्यों में सहयोग करेंगे हरियाणा और दिल्ली : मुख्यमंत्री



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार देर शाम दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात की। इस दौरान हरियाणा और दिल्ली के साझा विकास, आपसी समन्वय पर चर्चा की।

## एचपीएससी का काम केवल चयन प्रक्रिया तक सीमित : हाईकोर्ट

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने एक अत्यंत महत्वपूर्ण फैसले में हरियाणा लोक सेवा आयोग की भूमिका और उसकी संवैधानिक सीमाओं को रेखांकित करते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि आयोग का काम केवल चयन प्रक्रिया तक सीमित है, न कि उम्मीदवारों की नियुक्ति से जुड़े सत्यापन, योग्यता निर्धारण या दस्तावेजों की वैधता पर फैसला करना। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ ने आयोग द्वारा अपनी संवैधानिक सीमा से आगे बढ़कर अनुभव प्रमाण-पत्रों की जांच और पात्रता विवादों का निपटारा करने को संवैधानिक संस्था के लिए शोभनीय नहीं करार दिया।यह फैसला हरियाणा स्टेट इंडसट्रियल एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन में मैनेजर (यूटिलिटी) पद के लिए एक अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर आया। याचिकाकर्ता की उम्मीदवारी 29 सितंबर 2022 और 4 जनवरी 2023 के आदेशों के जरिए यह कहकर खारिज कर दी गई थी कि वह अपने निजी कंपनी में कार्यकाल से जुड़े अनुभव प्रमाण-पत्र की प्रामाणिकता सिद्ध नहीं कर सका। कोर्ट ने पाया कि आयोग ने अपने आपको एक तरह से स्वघोषित जांच एजेंसी बना लिया और वह ऐसे कार्य करने लगा जो कानूनन नियुक्ति प्राधिकारी (नियोक्ता) के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। जस्टिस बराड़ ने कहा कि आयोग का संवैधानिक दायित्व केवल परीक्षा से जुड़े काम है।



■ नियुक्ति से जुड़े सत्यापन, योग्यता या दस्तावेजों की वैधता पर फैसला करने का अधिकार नहीं

## हरियाणा के एडवोकेट जनरल की नियुक्ति के खिलाफ याचिका खारिज

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा के एडवोकेट जनरल प्रविंदर सिंह चौहान की नियुक्ति को चुनौती देने वाली जनहित याचिका को खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि उनकी नियुक्ति संविधान के अनुच्छेद 165 के अनुरूप पूरी तरह वैध और संवैधानिक है। चीफ जस्टिस शील नागू और जस्टिस संजीव बेरी की खंडपीठ ने प्रदीप सिंह द्वारा याचिका को खारिज करते हुए यह फैसला सुनाया। याचिका में यह मांग की गई थी कि हरियाणा के एडवोकेट जनरल प्रविंदर सिंह चौहान नियुक्ति कथित तौर पर संवैधानिक परविधान और न्यायिक मानकों के विपरीत है। याचिकाकर्ता का तर्क था कि चौहान हाई कोर्ट के न्यायाधीश बनने की कसौटी पर खरे नहीं उतरते, इसलिए उन्हें एडवोकेट जनरल भी नहीं बनाया जा सकता। हाई कोर्ट ने इस दलील को पूरी तरह अस्वीकार करते हुए संविधान के अनुच्छेद 165 का हवाला देते हुए संवैधानिक स्थिति को स्पष्ट किया।

■ प्रविंदर सिंह चौहान की संवैधानिक योग्यता पूरी तरह साबित

## गुरु तेग बहादुर के श्लोकों पर लिखी पुस्तक का विमोचन



चंडीगढ़। हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने बुधवार को लोक भवन में गुरु नानक खालसा कॉलेज, यमुनानगर के प्रिंसिपल डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला द्वारा लिखी गई पुस्तक 'श्री गुरु तेग बहादुर जी के श्लोक-अनंत वास्तविकता की प्राप्ति की ओर एक यात्रा' का विमोचन किया।

### कर्मचारी महासंघ का राष्ट्रीय सम्मेलन 23 से

चंडीगढ़। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ का 18वां राष्ट्रीय प्रतिनिधि सम्मेलन 23 से 26 जनवरी तक शिरडी (महाराष्ट्र) में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में 28 राज्यों के कर्मचारी संगठनों के सदस्यता पर आधारित निर्वाचित करीब एक हजार प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। सम्मेलन में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के निर्वाचित 50 प्रतिनिधि भाग लेंगे। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने यह जानकारी दी।

### विस परिसर में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आज

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा परिसर में राज्यस्तरीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन बृहस्पतिवार को होगा। ये आयोजन नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे पराक्रम दिवस के निमित्त हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में होगा। विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण मुख्य अतिथि होंगे। मौके पर हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य के नेतृत्व में आयोग की टीम सुबह 10 बजे विधान भवन के सेरेमोनियल गेट के पास विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों व कर्मचारियों को सूर्य नमस्कार करवाएगी।

## 20 तक फिर खुलेगा एचकेआरएनएल पोर्टल

चंडीगढ़। प्रदेश सरकार ने विभिन्न विभागों, बोर्डों और निगमों की ओर से प्राप्त निरंतर अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड (एचकेआरएनएल) के पोर्टल को पुनः खोलने का निर्णय लिया है, ताकि पात्र अनुबंध कर्मचारियों का डेटा दोबारा स्थानांतरित किया जा सके। मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, 20 फरवरी तक एक अलग विंडो खोली जाएगी। यह विंडो विभागों, बोर्डों और निगमों के केवल उन अनुबंध कर्मचारियों के लिए होगी, जिनकी स्वीकृति कर्मियों की तैनाती नीति, 2022 के प्रावधानों के तहत वित्त विभाग से पहले ही प्राप्त हो चुकी है। संबंधित विभाग द्वारा वित्त विभाग से प्राप्त स्वीकृति की प्रति पोर्टल पर अपलोड किए जाने के उपरांत ही उस विभाग के लिए पोर्टल खोला जाएगा। एचकेआरएनएल पोर्टल उन अनुबंध कर्मचारियों का विवरण अपलोड करने के लिए पुनः खोला जाएगा।

■ अनुबंधित कर्मचारियों का डाटा होगा पोर्ट

### गरीबों का राशन काट रही सरकार : चौटाला

चंडीगढ़। फैमिली आईडी में गलत जानकारी डालने के कारण गरीबों के काटे जा रहे राशन कार्ड पर सरकार पर निशाना साधते हुए इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने कहा कि अब बीजेपी गरीबों के मुंह का निवाला भी उनसे छिन रही है। एक ओर जहां आज मिडिल क्लास के लोग भी रसोई के बजट का बोझ सहन करने में असमर्थ हैं वहीं गरीबी रेखा के नीचे आने वाले लोग, जिनको राशन कार्ड से राशन मिलता है, वो कैसे राशन न मिलने पर अपना और अपने बच्चों का पेट भर पाएंगे।


### फिक्स चार्ज से जनता पर बढ़ा आर्थिक बोझ

चंडीगढ़। सरकार द्वारा 1 अप्रैल 2025 से लागू की गई नई बिजली दरों को लेकर विरोध तेज हो गया है। सांसद सैलजा ने फिक्स चार्ज को जनता विरोधी बताते हुए कहा कि यह निर्णय विशेषकर मध्यम वर्ग और घरेलू उपभोक्ताओं पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डालने वाला है। सैलजा ने कहा कि बिजली की खपत कम होने के बावजूद फिक्स चार्ज वसूलना पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। महंगाई, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बढ़ते खर्चों से जूझ रहे परिवारों पर सरकार ने बिजली के नाम पर जबरन वसूली जैसा नया बोझ थोप दिया है।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 20 दिनांक 20.01.2026 धारा 127(6) BNS 2023 थाना कलानौर रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान बारे –**



नाम - तन्नु
पिता/पति - श्री आशु
पता - निवासी गांव बसाना जिला रोहतक
उम्र - 25 वर्ष।
हुलिया - रंग गँहुआ, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर जो सूट सलवार पहने पैरों में जूते पहने हुए ।
दिनांक 20.01.2026 को तन्नु पत्नी आशु निवासी गांव बसाना कलानौर जिला रोहतक अपने दो बच्चो सहित बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
1. प्रबंधक थाना कलानौर रोहतक 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना कलानौर रोहतक-9813989995

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 11 दिनांक 19.01.2026 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना लाखन माजरा रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम - जैसमेर
पिता/पति- श्री बलजोर
पता - निवासी गांव खरैन्टी जिला रोहतक
उम्र -47 वर्ष।
हुलिया - रंग गोरा, लम्बूतरा चेहरा, कद 5 फुट 6 ईंच जो काले रग का पैन्ट व फिरोजी कलर की जैकेट पैरों मे नीले कलर के जूते पहने हुए ।
दिनांक 19.01.2026 को जैसमेर पुत्र श्री बलजोर निवासी गांव खरैन्टी जिला रोहतक जो बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
1. प्रबंधक थाना लाखन माजरा रोहतक - 7082999128
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना HC सन्दीप रोहतक 9468387817

पीआरडीएच-1084/11/4376/2026/42276/88/6 दि. 21.01.26



## हरियाणा एड्स कंट्रोल सोसाइटी, पंचकूला

हरियाणा राज्य एड्स कंट्रोल सोसाइटी (एचएसएसीएस), पंचकूला निम्नलिखित पदों को 31.03.2026 तक की अवधि के लिए अनुबंधात्मक आधार पर भरने की इच्छुक है, जो एनएसीओ से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य प्रदर्शन के मूल्यांकन के आधार पर नवीकृत किये जाने जारी रहेंगे। पारिश्रमिक समेकित है और कोई अन्य भत्ता देय नहीं है। नियुक्ति के प्रथम तीन माह परिवीक्षा अवधि होंगे, जिनके दौरान कार्य और आचार का मूल्यांकन किया जाएगा और यदि कार्य प्रदर्शन असंतोषजनक पाया जाता है तो अनुबंध बिना कोई कारण बताए नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा समाप्त कर दिया जाएगा। सेवा शर्तें राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (एनएसीओ), एमओएचएफडब्ल्यू, समय-समय पर जारी भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार शासित होंगी। इच्छुक उम्मीदवारों को प्रमाण-पत्रों / प्रत्यायकों अथवा अनुभव प्रमाण-पत्र की सत्यापित छायाप्रतियों के साथ-साथ अपने आवेदन टीबी हस्पताल के कार्यालय कमरा नं. 5, निकट सुखपुरा चौक, रोहतक में 27.01.2026 तक अप. 05.00 बजे तक भेजने चाहिएं। आवेदन dnohivaidsrtk2025@gmail.com पर भी भेजें, चयन मैरिट आधार पर है। मूल प्रमाण-पत्रों/प्रत्यायकों को प्रमाणित किया जाएगा। अपूर्ण आवेदनों को एकदम रद्द कर दिया जाएगा। एचएसएसीएस बिना कोई कारण बताए किसी भी समय उपरोक्त विज्ञापन को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

| क्र. सं. | श्रेणी सहित पदों का नाम और संख्या | योग्यता |
|---|---|---|
| 1 | एआरटी सेंटर में चिकित्सा अधिकारी (पद-1) (श्रेणी-सामान्य) | **पद** : एमओ-एआरटी<br>**आवश्यक योग्यताएँ** :<br>- एमबीबीएस सहित संबंधित राज्य चिकित्सा परिषद/एनएमसी से वैध पंजीकरण।<br>**वांछनीय** :<br>- एचआईवी/एड्स प्रोग्राम/पोस्ट एआरटी सैटिंग्स में अनुभव, इनके साथ एमडी मेडिसन / मेडिसन में डिप्लोमा को प्राथमिकता दी जाएगी।<br>**आवश्यक अनुभव** :<br>- 6 महीने का कार्य अनुभव। क्लिनिकल संकाय से स्नातकोत्तर पर भी विचार किया जाएगा, कंप्यूटर एमएस ऑफिस का कार्य करने का अच्छा ज्ञान।<br>**जॉब जिम्मेदारियाँ** :<br>- "किसी एमओ-एआरटी के तौर पर, समय-समय पर एनएसीओ पोषित एआरटी केन्द्रों में परामर्श देना और एआरटी (एंटी-रेट्रोवायरल थैरेपी) को आसान बनाने के लिए सेवाएं (चलायमान एआरटी के किसी कारवां में शामिल)।"<br>- एनएसीओ की विभिन्न तकनीकी गतिविधियां और चिकित्सा को करना (संलग्न जॉब फाइल के अनुरूप)। |
| 2 | लैब टेक्नीशियन (ब्लड बैंक) पीजीआईएमएस रोहतक (पद-1) (श्रेणी - सामान्य) | **आवश्यक योग्यता**<br>(i) चिकित्सा प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी (एम.एल.टी.) में डिग्री<br>अथवा<br>चिकित्सा प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी (एम.एल.टी.) में डिप्लोमा<br>(ii) डिप्लोमा अथवा डिग्री प्राप्त करने से पूर्व 10+2 पूर्ण किया होना चाहिए<br>(iii) डिग्री अथवा डिप्लोमा केंद्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से होना चाहिए<br>(iv) उम्मीदवार को सम्बद्ध पैरा-मेडिकल काउंसिल के पास पंजीकृत होना चाहिए, यदि लागू हो<br>(v) कंप्यूटर का ज्ञान<br>**अनुभव**<br>1. डिग्री के पश्चात न्यूनतम दो वर्ष और डिप्लोमा के पश्चात तीन वर्ष<br>2. डिग्रीधारकों के पास ब्लड बैंकिंग में न्यूनतम छह माह का अनुभव अवश्य होना चाहिए। डिप्लोमाधारकों के पास ब्लड बैंकिंग में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव अवश्य होना चाहिए।<br>**वांछनीय**<br>• स्नातकोत्तर डिग्री<br>• एमएस ऑफिस में दक्षता |
| 3 | एआरटी/एफआई-एआरटी स्टाफ नर्स (एआरटी केन्द्र पीजीआईएमएस रोहतक) (पद-1) (श्रेणी-सामान्य) | **आवश्यक योग्यता**<br>- बी.एससी. नर्सिंग<br>अथवा<br>• जीएनएम<br>• उम्मीदवार को स्टेट नर्सिंग काउंसिल में पंजीकृत अवश्य होना चाहिए<br>**आवश्यक अनुभव**<br>• उम्मीदवार को एमएस ऑफिस, इंटरनेट का उपयोग और इलैक्ट्रोनिक मेल का कार्य करने का ज्ञान सहित कम्प्यूटर साक्षर होना चाहिए।<br>• फील्ड लेवल पर प्रमुख आबादी और प्रभावित समुदायों के साथ जुड़ाव<br>**वांछनीय**<br>• एचआईवी संक्रमित और प्रभावित के साथ-साथ मुख्य समुदायों से सामुदायिक उम्मीदवार |
| 4 | एसटीआई काउंसलर (जीएच रोहतक) (पद-1) (श्रेणी-सामान्य) | **आवश्यक योग्यता**<br>• मनोविज्ञान/सामाजिक कार्य/समाजशास्त्र/मानव-शास्त्र/मानव विकास/नर्सिंग में स्नातक डिग्री धारक सहित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत परामर्श/शिक्षा देने में 3 वर्ष का अनुभव<br>अथवा<br>• मनोविज्ञान/सामाजिक कार्य/समाजशास्त्र/मानव-शास्त्र/मानव विकास/नर्सिंग में स्नातकोत्तर<br>• यदि उम्मीदवार एचआईवी/एड्स सहित रहने वाला कोई व्यक्ति (पीएलएचआईवी) है<br>• मनोविज्ञान/सामाजिक कार्य/समाजशास्त्र/मानव-शास्त्र/नर्सिंग में स्नातक डिग्री धारक सहित, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत परामर्श/शिक्षा देने में 1 वर्ष का अनुभव<br>**वांछनीय**<br>1. राष्ट्रीय एड्स और एसटीडी नियंत्रण कार्यक्रम (एनएसीपी) सुविधा अथवा सामुदायिक सेटिंग्स ज्ञान और कौशल के तहत काम करने का अनुभव<br>• उम्मीदवार को एमएस ऑफिस, इंटरनेट का उपयोग और इलैक्ट्रोनिक मेल का कार्य करने का ज्ञान सहित कम्प्यूटर साक्षर होना चाहिए।<br>• सरकारी स्वास्थ्य नीतियों और संबंधित कार्यक्रमों से परिचित<br>• कार्यक्रम की आवश्यकता के अनुसार शर्तों और लचीले तरीकों से कार्य करने की योग्यता |
| 5. | लैब टेक्नीशियन (एआरटी केन्द्र पीजीआईएमएस रोहतक) (पद-1) (श्रेणी-सामान्य) | **आवश्यक योग्यता**<br>• चिकित्सा प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी में बी.एससी. (बीएमएलटी) अथवा बीएमएलएस<br>• चिकित्सा प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा (डीएमएलटी) अथवा डीएमएलएस सहित यूजीसी/राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त न्यूनतम 2 वर्ष की अवधि का कोर्स<br>**आवश्यक अनुभव**<br>एमएलटी में बी.एससी. (बीएमएलटी) अथवा बीएमएलएस के लिए एक वर्ष का अनुभव<br>डीएमएलटी अथवा डीएमएलएस के लिए दो वर्ष का अनुभव<br>**वांछनीय**<br>संक्रमित और प्रभावित के साथ-साथ मुख्य समुदायों से सामुदायिक उम्मीदवार।<br>फील्ड लेवल पर प्रमुख आबादी और प्रभावित समुदायों के साथ जुड़ाव |

1. आवेदक हरियाणा का स्थाई निवासी अवश्य होना चाहिए (कार्यकारी मजिस्ट्रेट से बोनाफाइड डोमिसाइल सर्टिफिकेट जमा करना होगा)।
2. आवेदक मैट्रिक तक हिन्दी/संस्कृत उत्तीर्ण होना चाहिए।
3. आयु हरियाणा सरकार की नीति के अनुसार।
4. हरियाणा सरकार की आरक्षण नीति लागू होगी।

पीआरडीएच-1058/11/1273/2026/42282/88/6 दि. 21.01.26 हस्ता/- सिविल सर्जन, रोहतक



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हैफेड हिसार | निविदा दस्तावेजों में वर्णित अनुसार और बरवाला हांसी के विभिन्न केन्द्रों में पीईजी गोदामों में खाद्यान्नों की लोडिंग/अनलोडिंग और हैंडलिंग के लिए श्रम ठेकेदार फर्में/कम्पनियां/सहकारी समिति। | 23.01.2026<br>10.02.2026 | ईएमडी<br>रु.13,80,000/- | www.hafed.gov.in | 9812327591<br>dmhfdhsr@gmail.com |
| 2 | हैफेड हिसार | निविदा दस्तावेजों में वर्णित अनुसार जिलों और हैफेड बफर हिसार से विभिन्न केन्द्रों तक हैफेड उपभोक्ता उत्पादों का परिवहन। | 23.01.2026<br>10.02.2026 | ईएमडी<br>रु.20,000/- | www.hafed.gov.in | 9812327591<br>dmhfdhsr@gmail.com |
| 3 | हैफेड हिसार | निविदा दस्तावेजों में वर्णित सूची के अनुरूप विभिन्न केन्द्रों पर हिसार जिले में फर्टिलाइजर और गेहूं बीज का परिवहन और श्रम कार्य। | 23.01.2026<br>10.02.2026 | ईएमडी<br>रु.3,50,000/- | www.hafed.gov.in | 9812327591<br>dmhfdhsr@gmail.com |
| 4 | हैफेड हिसार | निविदा दस्तावेजों में वर्णित सूची के अनुसार अनसर्विसेबल/क्षतिग्रस्त बारदाना, वुडन क्रेट इत्यादि की ई-बिक्री (हिसार)। | 23.01.2026<br>10.02.2026 | ईएमडी<br>रु.50,000/- | www.hafed.gov.in | 9812327591<br>dmhfdhsr@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/80/42267/I/88/6 दि. 21.01.26



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में लघु सचिवालय फतेहाबाद और रिकॉर्ड रूम की मेन एलटी केबल्स को बदलना (एलटी पैनल और सम्बद्ध कार्य का प्रावधान)। | 19.01.2026<br>28.01.2026 | 4.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651<br>pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | जिला चरखी दादरी में बाल भवन की बिल्डिंग का निर्माण (फायर अलार्म, एलएएन, सीसीटीवी, साउंड ऑडियो/वीडियो, स्टेज लाइट और मोटरीकृत कर्टेन का प्रावधान केवल)। | 19.01.2026<br>27.01.2026 | 72.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651<br>pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प करनाल | सोनीपत में गांव खेवड़ा में नई राजकीय आईटीआई का निर्माण (ईएलवी सेवाओं और अन्य विद्युत उपकरणों का प्रावधान केवल)। | 21.01.2026<br>31.01.2026 | 92.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696<br>pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प करनाल | जुआं जिला सोनीपत में आईटीआई का निर्माण (250 केवीए सर्वो स्टेबिलाइजर का प्रावधान केवल) + 7 कार्य। | 21.01.2026<br>27.01.2026 | 108.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696<br>pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार में गांव चौधरीवास में पुराने विश्राम गृह की विशेष मरम्मत (स्ट्रीट लाइट का प्रावधान केवल)। | 20.01.2026<br>29.01.2026 | 4.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651<br>pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 6 | राजकीय आईटीआई नलवा (हिसार) | आईटीआई नलवा में विभिन्न ट्रेड्स के छोटे औजारों और उपकरण की आपूर्ति। | 21.01.2026<br>29.01.2026 | 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8708374760<br>nalwa.giti@hry.gov.in |
| 7 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में हॉस्पीटल इंडोर मरीजों के लिए किचन और डाइट्री सेवाओं के प्रावधान हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 27.01.2026<br>10.02.2026 | ईएमडी<br>4.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8295340665<br>director.kcghc-hry@gov.in |
| 8 | बागवानी विभाग सीओई, मुनीमपुर (झज्जर) | सीओई, मुनीमपुर (झज्जर) में संरक्षित संरचनाओं की मरम्मत। | 22.01.2026<br>28.01.2026 | ईएमडी<br>45,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9671627548<br>coemunimpur@gmail.com |
| 9 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 13 मदों तक मदें निहित सूची (13 मदों का सिंगल लॉट)*। | 22.01.2026<br>18.02.2026 | | https://etenders.hry.nic.in<br>dsndharyana.gov.in | 0172-2570122<br>Supplies@hry.nic.in |
| 10 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 02 मदों तक मदें निहित सूची (02 मदों का सिंगल लॉट)*। | 22.01.2026<br>18.02.2026 | | https://etenders.hry.nic.in<br>dsndharyana.gov.in | 0172-2570122<br>Supplies@hry.nic.in |
| 11 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 34 मदों तक मदें निहित सूची (34 मदों का सिंगल लॉट)*। | 22.01.2026<br>18.02.2026 | | https://etenders.hry.nic.in<br>dsndharyana.gov.in | 0172-2570122<br>Supplies@hry.nic.in |
| 12 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 24 मदों तक मदें निहित सूची (24 मदों का सिंगल लॉट)*। | 22.01.2026<br>18.02.2026 | | https://etenders.hry.nic.in<br>dsndharyana.gov.in | 0172-2570122<br>Supplies@hry.nic.in |
| 13 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 75 मदों तक मदें निहित सूची (75 मदों का सिंगल लॉट)*। | 22.01.2026<br>18.02.2026 | | https://etenders.hry.nic.in<br>dsndharyana.gov.in | 0172-2570122<br>Supplies@hry.nic.in |
| 14 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | डीआईआरसीटी, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा द्वारा अपेक्षित इंडक्टिवली कपल्ड प्लाजमा स्पेक्ट्रोमीटर्स उपकरणों का 3 वर्षीय व्यापक रखरखाव अनुबंध। | 22.01.2026<br>05.02.2026 | | https://etenders.hry.nic.in<br>dsndharyana.gov.in | 0172-2570122<br>Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/280/42274/I/88/6 दि. 21.01.26




पंजाब में रंगदारी मांगने पर कार्रवाई

## पंजाब पुलिस ने सफीदों में लॉरेंस गैंग के गुर्गे के घर मारा छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पंजाब पुलिस ने एक बार फिर बुधवार को सफीदों में दस्तक दी। अमेरिका में रहे लॉरेंस बिशोई के गुर्गे रणदीप के गांव ऐंचरा कलां स्थित आवास पर छापेमारी की गई। पुलिस रणदीप के पिता तथा बहन से पूछताछ के सिलसिले में गांव पहुंची थी लेकिन दोनों उन्हें नहीं मिले। रणदीप पर पंजाब में धमकी देकर रंगदारी मांगने का मामला दर्ज है।

पंजाब के फाजिल्का के डीएसपी अभिनाश चंद्र के नेतृत्व में पंजाब पुलिस ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से गांव ऐंचरा कलां निवासी रणदीप के आवास पर दस्तक दी। रणदीप डोंकी के रास्ते काफी समय पहले अमेरिका पहुंचा था। गत 19 जनवरी को रणदीप के खिलाफ अमीरखास जिला फाजिल्का में धमकी का मामला दर्ज हुआ था। रणदीप अपनी बहन मोनिका के खाते में रुपये भेजता है। उसी सिलसिले में पंजाब पुलिस ने लगभग चार घंटे तक उसके आवास पर डेरा डाले रखा। गांव के दो अन्य लड़के भी डोंकी के रास्ते अमेरिका गए हुए हैं। उनके परिजनों से भी पूछताछ की लेकिन जगबीर तथा उसकी बेटी मोनिका नहीं मिले। रणदीप पर गुरुग्राम में बम विस्फोट की साजिश में शामिल होने समेत जींद, कैथल, हिसार कुरुक्षेत्र में भी अपराधिक मामले दर्ज हैं।


रणदीप


कुलदीप

### खालिस्तान से कनेक्शन के शक में कुलदीप काबू

गणतंत्र दिवस पर देश की राजधानी दिल्ली को दहलाने की साजिश में सफीदों के 36 वर्षीय युवक कुलदीप को पुलिस ने 9 जनवरी को गिरफ्तार किया था। निशानदेही के लिए उसके सफीदों के वार्ड 5 स्थित आवास पर लाया गया था। युवक पर खालिस्तानियों के संपर्क में होने का शक जताया जा रहा है। उसने अपनी फेसबुक पर भी खालिस्तानियों के पेज को लाइक किया था।

बाप व भाई ने करवाई थी हत्या, 2 सुपारी किलर भी पकड़े

# पंचायत में फैसला : आरोपियों के परिवारों का सामाजिक बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद/रतिया

रतिया क्षेत्र के गांव महमदकी में खेत में काम करने गए युवक जगविंदर की बेरहमी से हत्या करने के मामले में गांव की पंचायत ने आरोपियों के परिवारों का सामाजिक बहिष्कार करने का ऐलान किया है। इस मामले में गांव में हुई पंचायत के बाद ग्रामीण एएसपी से मिले और मामले में अन्य लोगों के शामिल होने की बात कहते हुए उन्हें भी गिरफ्तार करने की मांग की। इस मामले में पुलिस ने पिता-पुत्र से सुपारी लेकर वारदात को अंजाम देने वाले दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान चमकौर सिंह पुत्र नक्षत्र सिंह व अवतार सिंह पुत्र निरंजन सिंह निवासी गांव महमदकी के रूप में हुई है। इस मामले में मृतक के पिता और भाई को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है, जिन्होंने पूछताछ में स्वीकार किया था कि उन्होंने 1 लाख 20 हजार रुपये की सुपारी देकर इस वारदात को अंजाम दिलवाया था। एएसपी दिव्यांशी सिंगला ने बताया कि 18 जनवरी को गांव महमदकी निवासी अवतार सिंह ने पुलिस को झूठी सूचना दी थी कि उसके छोटे बेटे 28 वर्षीय जगविंदर सिंह की किसी अज्ञात व्यक्ति ने खेत के कमरे में कस्सी से गला काटकर हत्या कर दी है। जांच के दौरान पुलिस को मृतक के पिता अवतार सिंह और बड़े भाई तरनजीत सिंह के बयानों में विरोधाभास मिला। जब पुलिस ने वैज्ञानिक साक्ष्यों और मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की तो परतें खुलती चली गईं।

सरपंच प्रतिनिधि हरदेव सिंह ने बताया कि महमदकी गांव में हुए जगविंदर के मर्डर को लेकर बुधवार सुबह गांव में पंचायत हुई। पंचायत में फैसला लिया गया कि जगविंदर के परिवार और हत्या करने वाले दोनों लोगों के परिवार से कोई मेलजोल नहीं रखेगा। अगर किसी ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की तो उनका भी सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा।


रतिया। बहिष्कार का ऐलान करते ग्रामीण।

### जमीन विवाद में गांव के ही युवकों को 1.20 लाख में दी थी सुपारी



एएसपी दिव्यांशी सिंगला ने बताया कि जगविंदर सिंह की हत्या के मामले में गिरफ्तार पिता अवतार सिंह और भाई तरनजीत सिंह से जब गहनता से पूछताछ की गई तो इन लोगों ने बताया कि उन्होंने जमीन विवाद के चलते गांव के ही दो व्यक्तियों को 1. 20 लाख देकर जगविंदर की हत्या करवाई थी। इसी कड़ी में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अब वारदात को अंजाम देने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## इंटरसिटी एक्सप्रेस के कोच में उठा धुआं, 30 मिनट जुलाना खड़ी रही


जुलाना रेलवे स्टेशन पर धुएं पर काबू पाते कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना रेलवे स्टेशन पर बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब श्रीगंगानगर-बठिंडा इंटरसिटी एक्सप्रेस के चार नंबर कोच से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। धुआं उठते ही ट्रेन में मौजूद यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। ट्रेन जैजैवंती स्टेशन पर पहुंची तब धुआं नजर आया और ट्रेन के 12 बजे जुलाना के रेलवे स्टेशन पर पहुंचते ही वहां पर मौजूद कर्मचारी अग्निशमन यंत्र लेकर रेल की ओर दौड़े। कर्मचारियों ने कड़ी मशक्त के बाद धुएं पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि तकनीकी खराबी या ब्रेक सिस्टम में गर्मी बढ़ने के कारण धुआं उठा होगा। एहतियातन ट्रेन को 30 मिनट तक स्टेशन पर रोका गया और तकनीकी टीम द्वारा कोच की गहन जांच की गई।

## जेल में साजिश रचकर वेयरहाउस से लूटी एक करोड़ की सिगरेट

- पुलिस ने सात आरोपी गिरफ्तार किए, 6 हजार सिगरेट के पैकेट बरामद, माल खरीदने वाले दो आरोपी भी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

बल्लभगढ़ स्थित भूदत कॉलोनी में वेयरहाउस से एक करोड़ रुपये की सिगरेट लूट मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। क्राइम ब्रांच ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी अभी फरार चल रहा है। पांच आरोपियों ने लूट की थी, जबकि बाकी ने चोरी का माल खरीदा था। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने जेल में रहते हुए ही लूट की योजना बनाई थी। एसीपी क्राइम वरुण कुमार दहिया ने प्रेस कान्फ्रेंस में बताया कि 28-29 दिसंबर की रात आरोपियों ने सिक्योरिटी गार्ड सुनील को बंधक बनाकर सिगरेट की पेटियां चुराई थीं। एसीपी ने बताया कि इस गिरोह का मुख्य आरोपी दिल्ली का उमर है।

उसके साथ बबलू, राहुल, दीपक और राकेश ने मिलकर इस लूट की वारदात को अंजाम दिया। चोरी का माल खरीदने वाले आरोपी गाजियाबाद के रहने वाले हैं। पुलिस ने अब तक करीब 6,000 सिगरेट पैकेट बरामद कर लिए हैं, जबकि शेष चोरी के माल की तलाश जारी है।

## जाट शिक्षण संस्थान में खुलेगा स्किल सेंटर : जयंत चौधरी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सर छोटूराम के 145वें जयंती समारोह में बतौर मुख्यातिथि केंद्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी और लोकसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा पहुंचे। केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने बताया कि भारत में कौशल विकास को बढ़ाने के लिए आज स्विट्जरलैंड के देवोस में भारत सरकार के कौशल विकास मंत्रालय ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के साथ एक विशेष एमओयू साइन किया है। मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर 5 कौशल विकास केंद्र स्थापित किए जाने हैं, जिसमें से एक कौशल विकास केंद्र जाट संस्था में स्थापित होगा। उन्होंने सांसद कोटे से 25 लाख रुपये देने की घोषणा की।

## नाबालिग का अपहरण कर रेप करने वाले को 20 साल कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नाबालिग छात्रा का अपहरण और दुष्कर्म करने के मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश लोकेश गुप्ता की फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट ने आरोपी संदीप कुमार निवासी गांव बोड़यि कमालपुर को दोषी करार देते हुए 20 साल कैद व 20 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में दोषी को 20 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। पिता ने शिकायत में बताया था कि 11 सितंबर 2021 को 11वीं में पढ़ने वाली 16 वर्षीय बेटी लापता हो गई है। बरामदगी के बाद दिए बयान में नाबालिग ने संदीप कुमार और उसके दो साथी प्रमोद व इन्द्रजीत पर बहला फुसला कर ले जाने तथा नशीला पदार्थ पिलाकर बणी में ले जाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। कोर्ट ने एक आरोपी संदीप कुमार को दोषी करार दिया। कोर्ट ने दोषी को 20 साल कैद व 20 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

## अंसल पर 21.76 करोड़ की संचयी पेनल्टी ठोकी

- प्रोजेक्ट की त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड नहीं करने के कारण हरेरा की कार्रवाई, नहीं भरने पर हररोज 25 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत की अंसल सुशांत सिटी के केस में हरियाणा रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (एचआरईआरए) ने अंसल प्रॉपर्टीज एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए करीब 21.76 करोड़ की संचयी पेनल्टी जमा करने का आदेश दिया है। यह कार्यवाही कंपनी द्वारा अपने प्रोजेक्ट की त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट (क्यूपीआर) पोर्टल पर अपलोड नहीं करने के कारण की गई है। हरेरा इस केस की अगली सुनवाई 11 मार्च को करेगा, तब तक जुर्माना भरना होगा। स्मरणीय है कि हरेरा ने अंसल प्रॉपर्टीज के खिलाफ 'सुओ-मोटो' (स्वतः संज्ञान) लेते हुए शिकायत दर्ज की थी। कंपनी का प्रोजेक्ट, जो 17 नवंबर 2017 को पंजीकृत हुआ था, उसकी प्रोग्रेस रिपोर्ट लंबे समय से अपडेट नहीं की गई थी। इधर, हरेरा के चेयरमैन परनीत सिंह सचदेव, सदस्य डॉ. गीता राठी सिंह और नदीम अख्तर की पीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि बार-बार निर्देश देने के बावजूद प्रमोटर ने न तो पेनल्टी जमा की और न ही प्रोजेक्ट की रिपोर्ट अपलोड की। गत वर्ष 12 नवंबर तक यह जुर्माना 1.65 करोड़ रुपये था, जो बढ़कर 21.76 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। साथ ही, अथॉरिटी ने स्पष्ट किया कि जब तक रिपोर्ट अपडेट नहीं होती, 25 हजार प्रतिदिन का जुर्माना जारी रहेगा।

## नकल रहित हुई अंक सुधार परीक्षा, आज 969 देंगे

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रदेशभर में संचालित करवाई गई सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) हिन्दी विषय की विशेष अंक सुधार परीक्षा शांतिपूर्वक व नकल रहित संचालित हुई। नकल का कोई भी मामला दर्ज नहीं हुआ। बोर्ड अध्यक्ष प्रो (डॉ.) पवन कुमार ने बताया कि जिला प्रश्नपत्र उड़नदस्तों द्वारा परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया, जहां परीक्षा शांतिपूर्वक संचालित हो रही थी। हिन्दी विषय की परीक्षा में 1519 परीक्षार्थी प्रविष्ट हुए। ये परीक्षाएं 6 परीक्षा केन्द्रों पर सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हुईं। उन्होंने बताया कि गुरुवार को संचालित होने वाली अंग्रेजी विषय की परीक्षा में 969 परीक्षार्थी प्रविष्ट होंगे।

INDIAN OIL CORPORATION LTD
BHARAT PETROLEUM CORPORATION LTD
HINDUSTAN PETROLEUM CORPORATION LTD

### हरियाणा राज्य में एलपीजी वितरकों के नियुक्ति हेतु सूचना

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसी), भारत पैट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसी) और हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसी) का हरियाणा राज्य में निम्नलिखित विभिन्न श्रेणियों से संबन्धित आवेदकों से नीचे दिये स्थानों पर विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत एलपीजी वितरकों की नियुक्ति का प्रस्ताव हैं:

| क्र०सं० | तेल कंपनी | स्थान का नाम (जहाँ लागू हो, वहाँ स्थानीय विवरण के साथ) | ग्राम पंचायत | ब्लॉक | जिला | श्रेणी* | बाजार का प्रकार | प्रतिभूति राशि (लाख में) | मार्केटिंग प्लान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आईओसी | सिलाना | खरखौदा | खरखौदा | सोनीपत | अनुसूचित जाति | रुर्बन | 3.0 | 2013-14 |
| 2 | आईओसी | सच्चाखेड़ा | नरवाना | नरवाना | जिंद | ओपन | रुर्बन | 5.0 | 2013-14 |
| 3 | आईओसी | झांसा | कुरुक्षेत्र | थानेसर | कुरुक्षेत्र | ओपन | रुर्बन | 5.0 | समाप्ति के बदले |
| 4 | आईओसी | सिवाह | समलखा | पानीपत | पानीपत | ओपन (पीएच) | रुर्बन | 5.0 | समाप्ति के बदले |
| 5 | आईओसी | अंबाला सिटी | अंबाला | अंबाला | अंबाला | ओपन (जीपी) | शहरी | 5.0 | समाप्ति के बदले |
| 6 | आईओसी | कुरुक्षेत्र | थानेसर | थानेसर | कुरुक्षेत्र | ओपन | रुर्बन | 5.0 | 2013-14 |
| 7 | आईओसी | फरीदाबाद सेक्टर 88-89 | डब्ल्यू एम एल | डब्ल्यू एम एल | फरीदाबाद | ओपन | शहरी | 5.0 | 2013-14 |
| 8 | आईओसी | फरीदाबाद - सेक्टर 34 | डब्ल्यू एम एल | डब्ल्यू एम एल | फरीदाबाद | ओपन | शहरी | 5.0 | 2013-14 |
| 9 | आईओसी | फरीदाबाद मेवला महाराजपुर | फरीदाबाद | फरीदाबाद | फरीदाबाद | ओपन | शहरी | 5.0 | 2013-14 |
| 10 | बीपीसी | हिसार | डब्ल्यू एम एल | डब्ल्यू एम एल | हिसार | ओपन | रुर्बन | 5.0 | समाप्ति के बदले |
| 11 | बीपीसी | भोज जाबियाल (ब्लॉक मुख्यालय - मोरनी) | मोरनी | पंचकुला | पंचकुला | ओपन | रुर्बन | 5.0 | 2013-14 |
| 12 | बीपीसी | साहा | साहा | बराड़ा | अंबाला | ओपन (जीपी) | रुर्बन | 5.0 | समाप्ति के बदले |
| 13 | बीपीसी | पंचकुला | डब्ल्यू एम एल | डब्ल्यू एम एल | पंचकुला | ओपन | रुर्बन | 5.0 | 2013-14 |
| 14 | बीपीसी | यमुनानगर-2 | डब्ल्यू एम एल | डब्ल्यू एम एल | यमुनानगर | ओपन | रुर्बन | 5.0 | 2013-14 |
| 15 | बीपीसी | आसन कलान | पानीपत | पानीपत | पानीपत | ओपन | रुर्बन | 5.0 | 2013-14 |
| 16 | बीपीसी | सिरसा | डब्ल्यू एम एल | डब्ल्यू एम एल | सिरसा | ओपन | रुर्बन | 5.0 | 2004-07 |
| 17 | एचपीसी | फरीदाबाद 4 (सेक्टर 28,29,30,31,32) | डब्ल्यू एम एल | डब्ल्यू एम एल | फरीदाबाद | ओपन | शहरी | 5.0 | 2013-14 |
| 18 | एचपीसी | गुड़गांव-डुंडाहेड़ा | डब्ल्यू एम एल | डब्ल्यू एम एल | गुरुग्राम | ओबीसी | शहरी | 4.0 | 2013-14 |
| 19 | एचपीसी | फरीदाबाद 3 (सेक्टर 43,44,45,46,47) | डब्ल्यू एम एल | डब्ल्यू एम एल | फरीदाबाद | ओपन | शहरी | 5.0 | 2013-14 |
| 20 | एचपीसी | तावडू | डब्ल्यू एम एल | डब्ल्यू एम एल | नूँह | ओपन | शहरी | 5.0 | 2013-14 |

***डब्ल्यू एम एल = नगरपालिका सीमा के भीतर**

1. पात्रता मापदंड, नामकरण आदि के साथ विस्तृत विज्ञापन और ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट **www.lpgvitarakchayan.in** पर उपलब्ध है: ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने से पहले, उम्मीदवार से अनुरोध है कि वे 'आवेदकों के लिए चयन पुस्तिका- एलपीजी वितरक चयन' को ध्यानपूर्वक पढ़ें, जो पोर्टल **www.lpgvitarakchayan.in** पर उपलब्ध है।
2. एलपीजी वितरक के चयन के लिए पात्रता मानदंड, एलपीजी गोदाम, शोरूम, सिलेंडरों की होम डिलीवरी आदि के लिए बुनियादी ढांचे की आवश्यकताओं के साथ-साथ चयन प्रक्रिया का विवरण एलपीजी वितरकों के चयन के लिए ब्रोशर में दिया गया है, जिसे किसी भी तेल कंपनियों की वेबसाइटों – **www.iocl.com, www.bharatpetroleum.in, www.hindustanpetroleum.com**, आईओसीएल, बीपीसीएल, एचपीसीएल और **www.lpgvitarakchayan.in** की वेबसाइटों से डाउनलोड किया जा सकता है:
3. LPG डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए आवेदन, गैर वापसी योग्य आवेदन फीस के ऑनलाइन भुगतान के साथ, जो भी लागू हो, तारीख **21.02.2026** को **17:00 बजे** तक ऑनलाइन जमा कर देना चाहिए।
4. ऊपर बताई गई कट-ऑफ तारीख और समय के तुरंत बाद ऑनलाइन आवेदन जमा करने की सुविधा वापस ले ली जाएगी।
5. आवेदक को अपने फायदे के लिए, अपना आवेदन जमा करने से पहले "ब्रोशर" को ध्यान से पढ़ना चाहिए और चयन की शर्तों को समझना चाहिए।
6. कॉर्पोरेशन (IOCL/BPCL/HPCL) के पास बिना कोई कारण बताए अपने विवेकानुसार इस विज्ञापन को रद्द करने/वापस लेने/संशोधित या नियत तिथि बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
7. यदि अंग्रेजी प्रकाशित विज्ञापन में स्थानीय भाषा की तुलना में कोई विसंगति पाई जाती है, तो स्थानीय भाषा में दिए गए निर्देश/सूचना ही मान्य होगी।
8. शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल वेबसाइट **www.lpgvitarakchayan.in** पर प्रकाशित किया जाएगा।
9. आवेदक वेबसाइट **www.lpgvitarakchayan.in** पर दी गई जानकारी के अनुसार FAQs भी देख सकते हैं और संबंधित कॉर्पोरेशन के क्षेत्रीय कार्यालय/ क्षेत्रीय कार्यालयों/ क्षेत्रीय कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।



# वैश्विक आईटी सेवा ब्रांड रैंकिंग में आठ भारतीय कंपनियां शामिल

■ अमेरिका की भी आठ आईटी कंपनियों ने स्थान बनाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवाओं के क्षेत्र में भारतीय कंपनियों का दबदबा कायम है। ब्रांड फाइनेंस की नवीनतम रिपोर्ट में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस ने क्रमशः दुनिया के दूसरे और तीसरे सबसे मूल्यवान आईटी सेवा ब्रांड के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा है। रिपोर्ट के मुताबिक,



वैश्विक आईटी रैंकिंग में भारत और अमेरिका बहुत करीब खड़े हैं। शीर्ष 25 आईटी सेवा कंपनियों की सूची में इन दोनों देशों की आठ-आठ कंपनियां शामिल हैं। दुनिया की अग्रणी आईटी कंपनियों के ब्रांड मूल्य और मजबूती पर नजर रखने वाली रिपोर्ट कहती है कि एक्सेंचर 42.2 अरब डॉलर के ब्रांड मूल्य के साथ लगातार आठवें साल दुनिया का सबसे मूल्यवान आईटी सेवा ब्रांड चुना गया है।

### इंफोसिस सबसे तेजी से बढ़ने वाला आईटी सेवा ब्रांड

ब्रांड पर विचार और अनुशंसा के मामले में भी कंपनी का प्रदर्शन मजबूत रहा, जो दीर्घकालिक ग्राहक विश्वास बनाए रखने की क्षमता दर्शाता है। इन्फोसिस 16.4 अरब डॉलर के ब्रांड मूल्य के साथ दुनिया का तीसरा सबसे मूल्यवान आईटी सेवा ब्रांड रहा। यह बीते छह वर्षों में 15 प्रतिशत की वार्षिक चक्रवृद्धि दर के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाला आईटी सेवा ब्रांड भी रहा है।

■ इंफोसिस तीसरा सबसे मूल्यवान आईटी सेवा ब्रांड बनकर उभरा

*एलटीआईमाइंडट्री ने भी सूची में जगह बनाई : इसके अलावा, एलटीआईमाइंडट्री, पर्सिस्टेंट सिस्टम्स और हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज ने भी शीर्ष 25 की सूची में जगह बनाई। रिपोर्ट के मुताबिक, 2026 में दुनिया की शीर्ष 25 आईटी सेवा कंपनियों का संयुक्त ब्रांड मूल्य 167.2 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। इस सूची में आईबीएम कंसल्टिंग, कैपजेमिनी, एनटीटी डेटा, कॉग्निजेंट, ईपीएएम और जेनपैक्ट जैसी वैश्विक कंपनियां भी शामिल हैं।*

# दावोस में अदाणी समूह ने भारत के लिए 66 अरब डॉलर के निवेश की योजना की प्रस्तुत

■ विश्व आर्थिक मंच की 56वीं वार्षिक बैठक में अपनी योजनाएं रखी

एजेंसी ▶▶| दावोस

अदाणी समूह ने विमानन, स्वच्छ ऊर्जा, शहरी अवसंरचना, डिजिटल मंचों और उन्नत विनिर्माण क्षेत्रों में 66 अरब डॉलर के निवेश की रूपरेखा पेश की है। इससे भारत की वृद्धि प्राथमिकताओं के अनुरूप निजी पूंजी के बड़े पैमाने पर निवेश के नए चरण का संकेत मिलता है। दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की 56वीं वार्षिक बैठक में अपनी योजनाएं प्रस्तुत करते हुए समूह ने कहा कि यह निवेश महाराष्ट्र, असम और झारखंड में किया जाएगा। यह अलग-अलग परिसंपत्तियों के निर्माण से हटकर एकीकृत, प्रौद्योगिकी आधारित अवसंरचना मंचों की ओर रणनीतिक बदलाव को दर्शाता है।




### इन क्षेत्रों में होगा निवेश

महाराष्ट्र में इसके अलावा 3,000 मेगावाट की संयुक्त क्षमता वाले हरित डेटा सेंटर पार्क, हवाई अड्डे के पास एकीकृत 'एरिना' जिला, 8,700 मेगावाट की 'पंप्ड स्टोरेज' जलविद्युत परियोजनाएं, कोयला गैसीकरण पहल, सेमीकंडक्टर एवं 'डिस्प्ले फैब्रिकेशन' सुविधाएं तथा निजी क्षेत्र की भागीदारी को लेकर सरकार के उभरते ढांचे के अनुरूप एक परमाणु ऊर्जा परियोजना भी शामिल है।

**गुवाहाटी में विमानन परिवेश का विस्तार** : समूह ने असम में गुवाहाटी के लोकप्रिया गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को केंद्र में रखते हुए विमानन एवं वैमानिकी परिवेश के विस्तार की जानकारी दी। इस हवाई अड्डे के नए टर्मिनल का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिसंबर 2025 में किया था। इसका परिचालन अगले महीने शुरू होने की उम्मीद है।

**विमान प्रशिक्षण अकादमी पर निवेश शामिल** :योजनाओं में आतिथ्य एवं खुदरा अवसंरचना, 'लेवल-डी फुल-फ्लाइट सिमुलेटर' के साथ विमानन प्रशिक्षण अकादमी तथा चौड़े व संकीर्ण विमानों के लिए रखरखाव, मरम्मत (एमआरओ) सुविधाएं शामिल हैं। इससे गुवाहाटी को पूर्वोत्तर के लिए क्षेत्रीय विमानन केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकेगा।

## दूसरे कार्यकाल में कमाई का कोई मौका नहीं छोड़ा

# पद का इस्तेमाल कर ट्रंप ने कमाए 1.4 अरब डॉलर

■ विदेशों में उनके नाम के लाइसेंसिंग से कम से कम 2.3 करोड़ डॉलर कमाए

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप कभी ऐसे व्यक्ति नहीं रहे हैं जो यह पूछें कि वे अपने देश के लिए क्या कर सकते हैं। अपने दूसरे कार्यकाल में वह इसके बजाय यह परख रहे हैं कि उनका देश उनके लिए कितना कर सकता है। उन्होंने अपनी ऊर्जा और रचनात्मकता राष्ट्रपति पद के दोहन में लगा दी है। समाचार संगठनों के विश्लेषणों पर आधारित समीक्षा से पता चलता है कि ट्रंप ने राष्ट्रपति पद का इस्तेमाल करके कम से कम 1.4 अरब डॉलर कमाए हैं। यह आंकड़ा बड़ा भी हो सकता है।

**ट्रंप नाम के इस्तेमाल पर कमाए 2.3 करोड़ डॉलर:** ट्रंप परिवार ने उनके पुनः निर्वाचित होने के बाद से विदेशों में उनके नाम के लाइसेंसिंग से कम से कम 2.3 करोड़ डॉलर कमाए हैं। इसमें ओमान में एक होटल। पश्चिमी भारत में एक टावर। सऊदी अरब के रियाद के बाहरी इलाके में एक गोल्फ कोर्स। ये उन 20 से अधिक विदेशी परियोजनाओं में से कुछ हैं, जिन पर ट्रंप ऑर्गनाइजेशन काम कर रहा है, और जिनमें अक्सर विदेशी सरकारों के सहयोग की आवश्यकता होती है। इन सौदों से ट्रंप परिवार को लाखों डॉलर मिले हैं।



### मेलानिया पर डॉक्यूमेंट्री से मिले 2.8 करोड़ डॉलर

ट्रंप परिवार मेलानिया ट्रंप पर बनने वाली एक डॉक्यूमेंट्री के लिए अमेजन से 2.8 करोड़ डॉलर अपनी जेब में डाल रहा है। अमेज़न ने "मेलानिया" के अधिकार के लिए अगले सबसे ऊंचे बोलीदाता से कहीं अधिक राशि चुकाई।

### मीडिया कंपनियों ने दिए 9.05 करोड़ डॉलर

पुनः निर्वाचित होने के बाद से प्रमुख तकनीकी और मीडिया कंपनियों ने समझौतों के तहत ट्रंप को 9.05 करोड़ डॉलर का भुगतान किया है। ये समझौते एक्स, एबीसी न्यूज़, मेटा, यूट्यूब और पैरामाउंट से आए हैं।

### कतर से लिया 40 करोड़ डॉलर का जेट

कतर ने श्री ट्रंप को 40 करोड़ डॉलर का एक जेट दिया, जिसका उपयोग वह राष्ट्रपति रहते हुए एयर फ़ोर्स वन के रूप में करेंगे और पद छोड़ने के बाद उसे अपने साथ ले जाने की योजना है। ट्रंप ने संकेत दिया कि इस उपहार का कतर के प्रति उनके व्यवहार पर प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने इस तोहफे के बाद कहा कि हम इस देश की रक्षा करने जा रहे हैं। ट्रंप ने कहा है कि वह पद छोड़ने के बाद इस विमान को अपनी राष्ट्रपति लाइब्रेरी को सौंपने की उम्मीद रखते हैं।

### क्रिप्टोकरेंसी से कमाए 86 .7 करोड़ डॉलर

ट्रंप परिवार ने विभिन्न क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से कम से कम 86.7 करोड़ डॉलर कमाए हैं। क्रिप्टो की बिक्री अब तक ट्रंप का सबसे बड़ा धन-स्रोत रही है। संघीय नीति को प्रभावित करने की उम्मीद रखने वाले लोग उनके परिवार के कॉइन खरीद सकते हैं, जिससे प्रभावी रूप से पैसा ट्रंप परिवार तक पहुंचता है और ये सौदे अक्सर गोपनीय रहते हैं। कुल मिलाकर राष्ट्रपति पद पर वापसी से ट्रंप ने इतनी धनराशि का लाभ कमाया है, जो अमेरिका की औसत घरेलू आय से 16,822 गुना के बराबर है।

# सिडबी को 5000 करोड़ रुपये की इक्विटी सहायता मंजूर

**नई दिल्ली।** सरकार ने भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) को 5,000 करोड़ रुपये की इक्विटी सहायता देने को बुधवार को मंजूरी दी। इस फैसले से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को ऋण प्रवाह बढ़ने की उम्मीद है। आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया।वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) द्वारा सिडबी में 5,000 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी तीन किस्तों में डाली जाएगी। इसके तहत वित्त वर्ष 2025-26 में 3,000 करोड़ रुपये 31 मार्च 2025 को 568.65 रुपये के 'बुक वैल्यू' पर निवेश किए जाएंगे, जबकि वित्त वर्ष 2026-27 तथा 2027-28 में 1,000-1,000 करोड़ रुपये संबंधित पूर्व वित्त वर्ष के 31 मार्च की 'बुक वैल्यू' पर निवेश किए जाएंगे।

# जोमैटो फाउंडर दीपेन्द्र गोयल का एटरनल सीईओ पद से इस्तीफा

**नई दिल्ली।** जोमैटो और ब्लिंकिट का संचालन करने वाली इटर्नल ने बुधवार को कहा कि दीपिंदर गोयल समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) का पद छोड़ेंगे। उनकी जगह ब्लिंकिट के सीईओ अलबिंदर ढींडसा एक फरवरी से समूह के नए सीईओ के रूप में जिम्मेदारी संभालेंगे। शेयरधारकों को लिखे एक पत्र में गोयल ने कहा कि वह नए विचारों पर काम करने के लिए अपने वर्तमान पद से हट रहे हैं और अब वाइस-चेयरमैन की भूमिका निभाएंगे। इटर्नल ने शेयर बाजारों को सूचित किया कि बोर्ड में वाइस चेयरमैन और निदेशक के रूप में गोयल की नियुक्ति पांच साल के कार्यकाल के लिए होगी, जो शेयरधारकों की मंजूरी के बाद प्रभावी होगी।



स्वच्छ कैथल स्वच्छ हरियाणा
स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर
Office of Municipal Council, Kaithal Near Govt. boys Sr. Sec. School, Kaithal -136027
E-Mail:-eo-kaithal@ulbharyana.gov.in

सार्वजनिक सूचना

सभी जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा नगर पालिका भागीदारी अधिनियम, 2008 के अन्तर्गत नगर निकाय प्रशासन/सेवा विवरण में नागरिक भागीदारी को सुदृढ़ करने हेतू कार्यालय आदेश क्रमांक 279-283 दिनांक 19.01.2026 द्वारा नगर परिषद कैथल में 31 एरिया सभाओं का गठन किया गया है। इस आश्य बारे सूचना नगर परिषद कैथल की बैबसाईट kaithal.gov.in पर सभी जन साधारण के लिए अपलोड कर दी गई है।

अतः सभी जनसाधारण को यह भी सूचित किया जाता है कि एरिया सभा के गठन से सम्बन्धित शक्तियों व उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यों का विवरण हरियाणा नगर पालिका नागरिक भीगीदारी अधिनियम, 2008 में वर्णित है। यह अधिनियम नगर परिषद, कैथल की Website पर उपलब्ध है।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद, कैथल।

विज्ञापन

बाल कल्याण समिति को दिनांक 28.06.2025 को जिला के उपमंडल बहादुरगढ़ के नाहरा-नाहरी रोड फलाईऑवर के पास एक नवजात शिशु मिला था, जिसका मुकद्मा नंबर 204/28/6/2025 है। जिसका विवरण निम्नप्रकार से है:-

बच्चे का नाम - नामालूम
पिता का नाम - नमालूम
आयु - एक दिन
बच्चा जिस स्थान पर मिला
नहरा-नाहरी रोड फ्लाईऑवर, बहादुरगढ़
एफआईआर नंबर 204/28/6/2025
अंडर सैक्शन 93 बीएनएस
पुलिस स्टेशन लाईनपार बहादुरगढ़



Sd/-Distt. Child Protection Officer
JHAJJAR
पीआरडीएच-1225/11/130/2026/42292/88/6 दि. 21.01.26

उत्तर रेलवे

उत्पादों /ब्रांडों की शॉर्टलिस्टिंग के लिए अनुस्मारक सूचना

इस कार्यालय के नोटिस सं. 23/AC-Ctg-57-Shortlisting-2024, दिनांक 21.01.2026 (22.01.2026 को प्रकाशित) के माध्यम से, अंबाला मंडल की खानपान इकाइयों में उपयोग/बिक्री/सेवाओं के लिए प्रसिद्ध ब्रांडों/वस्तुओं के निर्माताओं से PAD/Non-PAD वस्तुओं की शॉर्टलिस्टिंग के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। विस्तृत जानकारी और वस्तुओं की सूची भारतीय रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है, जिसमें यह भी बताया गया है कि, "शॉर्टलिस्टिंग एक सतत प्रक्रिया है, जिस कारण, आइटम/ब्रांड के लिए प्रारंभिक शॉर्टलिस्टिंग के बाद भी शॉर्टलिस्टिंग के लिए ऐसे आवेदन समीक्षा के लिए प्राप्त होते रहेंगे। इसके अतिरिक्त यह भी सुझाव दिया जाता है कि ब्रांडों/वस्तुएं जो इस कार्यालय द्वारा पहले ही सूचिबद्ध कर दी गई है, उनकी वैधता तब से दी जाएगी जब से पहली वस्तु को सूचिबद्ध किया गया है।

इस अनुस्मारक नोटिस के माध्यम से, यह सूचित किया जाता है कि, निर्माता/आवेदक आवश्यक दस्तावेजों के साथ, किसी भी कार्य दिवस पर, वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक, डी.आर.एम. कार्यालय, रेल विहार, अंबाला छावनी, हरियाणा–133001 के कार्यालय में अपना आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

किसी भी जानकारी, संशोधन और अतिरिक्त जानकारी के लिए कृपया समय–समय पर उपरोक्त वेबसाइट पर जाएँ।

सं. 23/AC-Ctg-57-Shortlisting-2024 दिनांक 21.01.2026 वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अम्बाला मंडल
217/26
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# सोना, चांदी के भाव नए शिखर पर

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना और चांदी नए शिखर पर पहुंच गए। सोने की कीमत करीब 1.60 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम जबकि चांदी 3.34 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 6,500 रुपये यानी 4.24 प्रतिशत बढ़कर 1,59,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गया। मंगलवार को, सोने ने पहली बार देश की राजधानी में 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के महत्वपूर्ण स्तर को पार किया। स्थानीय सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत में भी लगातार नौवें दिन तेजी जारी रही। चांदी की कीमत 11,300 रुपये बढ़कर 3,34,300 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 20,400 रुपये बढ़कर 3,23,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज), सौमिल गांधी ने कहा, "सोने और चांदी ने बुधवार को नए रिकॉर्ड ऊंचाई को छुआ। लगातार सुरक्षित निवेश की मांग बनी रही और सोने और चांदी-समर्थित एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड में मजबूत निवेश के कारण रिकॉर्ड-तोड़ तेजी देखी गई।"उन्होंने कहा कि दोनों कीमती धातुओं की घरेलू बाजार में अंतरराष्ट्रीय कीमतों की तुलना में काफी प्रीमियम पर कारोबार हुआ, क्योंकि आपूर्ति की स्थिति तंग थी, निवेश के लिए मजबूत मांग थी और रुपया कमजोर था। गांधी ने कहा कि इन वजहों से वैश्विक मानक के मुकाबले घरेलू कीमतें ऊंची बनी हुई हैं।

## राशिफल

**मेष** मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन–सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

# भू-राजनीतिक तनाव से शेयर बाजार में तीसरे दिन गिरावट

**मुंबई।** वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ने, कमजोर संकेतों और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के बीच बुधवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। उतार-चढ़ाव भरे सत्र में सेंसेक्स 271 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 75 अंक की गिरावट रही। कारोबारियों के मुताबिक, डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोरी और वित्तीय, बैंकिंग एवं उपभोग से जुड़े शेयरों में बिकवाली ने भी बाजार पर दबाव बनाए रखा। हालांकि निचले स्तर पर चुनिंदा शेयरों में खरीदारी आने से थोड़ा समर्थन मिला।बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक भारी उतार-चढ़ाव के बाद 270.84 अंक यानी 0.33 प्रतिशत गिरकर 81,909.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 1,056.02 अंक टूटकर 81,124.45 तक आ गया था। वहीं, निफ्टी 75 अंक यानी 0.30 प्रतिशत फिसलकर 25,157.50 अंक पर बंद हुआ। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"वैश्विक जोखिम कारकों से धारणा बिगड़ने के कारण घरेलू बाजारों में अस्थिरता बनी रही।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका नांगल चौधरी | शमशान घाट वार्ड नं. 12 के निकट निजामपुर रोड पर रैन बसेरा + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 02.02.2026 | रु.1,34,94,653/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812892869 |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/42264/I/88/6 दि. 21.01.26

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका कलानौर | नगर पालिका कलानौर में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से लहर वाली गली तक आरसीसी नाला का निर्माण। | 20.01.2026 28.01.2026 | रु. 49.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9992421221 |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/42269/I/88/6 दि. 21.01.26

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/JSO/1450

हमकि (1) नरेन्द्र पुत्र श्रीकृष्ण पुत्र जुगलाल व (2) सोमवति पत्नी व (3) योगेश पुत्र रामनारायण पुत्र जुगलाल, निवासीगण गांव सौन्धी, तहसील बादली, जिला झज्जर व (4) कुशल पुत्र रमनारायण पुत्र जुगलाल, निवासी आर.जेड.–115, एस ब्लॉक, न्यू रोशनपुरा, नजफगढ़, दक्षिणी पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली–110043 एवं उपरोक्त सभी बिस्वेदारान गांव सौन्धी, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022–23, के अनुसार खेवट न0 440 मिन/418, खाता न0 451 मिन, मु0 न0 23, किला न0 15(5–14) में से मिन पूर्व (1–6), 16(7–12) में से मिन पूर्व (1–16), 23/2/1(2–18) में से मिन दक्षिण (1–16), 24/1/1(3–9) में से मिन दक्षिण (2–0), किते 4, तादादी रकबा 6 कनाल 18 मरले (0.8625 एकड़) सालम भाग (जिसमें नरेन्द्र 167/393 भाग व सोमवति 89/786 भाग व योगेश – कुशल हर दो समभाग 121/262 भाग) वाका रकबा मौजा सौन्धी, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 6 कनाल 18 मरले (0.8625 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 21.01.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14, गुरुग्राम – 122001
Mobile: 9810203697
E-mail: svkggn@yahoo.com

## शब्द पहेली - 6116




**बाएँ से दाएँ**
1.हलचल,कोलाहल–3,3
5.मानवीयता–4
8.शरीर, बदन–2
9.ऊंचाई–3
10.तीर, बाण–2
11.मनमोहक–4
12.रग, नाड़ी–2
14.दुत्कारना–4
16.चतुर, फुर्तीला–3
18.साझेदार–4
20.रमण लायक–3,2
23.भारी, वजन वाला–5
26.असावधानी–4
27.दाल पीसना–3
29.निश्चित–4
30.कविता–2
32.शरीर व इच्छा–2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग–2
35.सलाम करना–3
36.रास्ता–2
37.राह पर चलनेवाले–4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया–3,3

**ऊपर से नीचे**
1.पैतृक संपत्ति का वारिस–6
2.गाय के स्तन–2
3.प्रसन्न होने का भाव–4
4.लगन, जिज्ञासा–3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में–3)
6.अधीन, काबू–2
7.डामर, टार–4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन–4
13.सच्चाई–2
15.दुश्मनी,शत्रुता–4
17.घूंघट, बुरखा–3
18.भाग्य का लेखा-जोखा–4
19.धूल, रेत–2
21.भवन, प्रसाद–3
22.जोड़, कुल–2
24.लावण्ययुक्त–4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,–3,3
27.विजयादशमी–4
28.मोड़, छोर–2
29.मृत्यु का देवता, यम–4
31.बुरी आदत–3
32.सभ्य व्यवहार–3
34.मार्ग–2
36.गोंद, वार्निश–2

### शब्द पहेली- 6115 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ल | च | ल | | टा | | द | वा | खा | ना |
| | क्ष्य | | व | | ल | क | वा | | र | ज |
| ज | | | कु | सु | म | | त | | | नी |
| ब | द | मा | श | | टो | ना | | सौ | त | न |
| र | | हि | | फा | ल | | प्रा | | न | |
| न | ग | र | वा | सी | | ग | ण | ना | य | क |
| | र | | द | | मा | ली | | पा | | ल |
| अ | ल | ग | | म | न | | चौ | की | दा | र |
| प | | | चि | | सि | स | की | | | व |
| रा | ज | | क | न | क | | दा | | मे | |
| ध | ड़ | क | न | | ता | | री | मा | ला | गू |



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति मुर्मू 19 मार्च को अयोध्या जाएंगी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 19 मार्च को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होंगी। ट्रस्ट के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उनके मुताबिक, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत 2083 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति शिरकत करेंगी। ट्रस्ट के अधिकारियों ने बताया कि मुर्मू इस आयोजन की मुख्य अतिथि होंगी।

### अमृत उद्यान 3 फरवरी से लोगों के लिए खुलेगा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान 3 फरवरी से 31 मार्च, 2026 तक आम लोगों के लिए खुला रहेगा। लोग सप्ताह में छह दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक (अंतिम प्रवेश 5.15 बजे) उद्यान में घूमने आ सकते हैं। उद्यान सोमवार को रखरखाव के दिन और 4 मार्च को होली के कारण बंद रहेगा। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान जारी इसकी जानकारी दी है।

### संजौली हेलीपोर्ट से हेली टैक्सी सेवाएं शुरू

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के संजौली हेलीपोर्ट को केंद्र से जरूरी मंजूरी के बाद आधिकारिक तौर पर हेलीकॉप्टर सेवाओं के लिए खोल दिया गया है। इसी के साथ दो कंपनियों ने यहां से हेली टैक्सी सेवाएं शुरू कर दी हैं। बुधवार सुबह मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रिकांगपिओ व भुंतर के लिए उड़ान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान हेली टैक्सी को वाटर कैनन सैल्यूट दिया गया। हेली टैक्सी में कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी भी किन्नौर रवाना हुए।

### जेल में बंद अमृतपाल ने पैरोल मांगी

**चंडीगढ़ (भाषा)।** खडूर साहिब के जेल में बंद सांसद अमृतपाल सिंह ने संसद के आगामी बजट सत्र में भाग लेने के लिए पैरोल का अनुरोध करते हुए पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। बजट सत्र का पहला चरण 28 जनवरी से शुरू होकर 13 फरवरी तक चलेगा। दूसरा चरण 9 मार्च से 2 अप्रैल तक चलेगा। अमृतपाल के वकील ने बताया कि उच्च न्यायालय बृहस्पतिवार को अमृतपाल की याचिका पर सुनवाई करेगा।

---

#### तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री की टिप्पणियों पर मद्रास उच्च न्यायालय सख्त

# सनातन पर उदयनिधि का बयान हेट स्पीच, उनकी बातें नरसंहार जैसी

***हाईकोर्ट** ने भाजपा नेता अमित मालवीय के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द की*

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै पीठ ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी नेता अमित मालवीय के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया है। इसमें उनपर 'सनातन धर्म' को लेकर तमिलनाडु के उप मुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणियों को तोड़-मरोड़कर पेश करने का आरोप लगाया गया था।

जस्टिस एस. श्रीमती ने कहा कि उदयनिधि की टिप्पणियां नफरत फैलाने वाले भाषण के समान थीं। इस पर सवाल उठाना एक प्रतिक्रिया थी। हाईकोर्ट ने कहा कि उदयनिधि स्टालिन की सनातन के खिलाफ की गई बातें 'हेट स्पीच' के दायरे में आती हैं। कोर्ट ने कहा कि किसी विवादित भाषण पर प्रतिक्रिया देने वाले को सजा देना गलत है। जबकि भाषण देने वाले के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। साल 2023 में उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से करते हुए कहा था कि इसे मिटा देना चाहिए। इसके बाद भाजपा आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने स्टालिन के भाषण का वीडियो सोशल मीडिया पर डाला था। जस्टिस एस श्रीमती ने कहा कि मालवीय ने सिर्फ तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन के सार्वजनिक भाषण पर प्रतिक्रिया दी थी। उनके खिलाफ केस जारी रखना गलत और नुकसानदायक होगा।




### उदयनिधि को सुप्रीम कोर्ट ने भी फटकारा था

सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल 4 मार्च को उदयनिधि स्टालिन को फटकार लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि स्टालिन ने अधिकारों का गलत इस्तेमाल किया है। स्टालिन कोई आम आदमी नहीं है। उन्हें बयान के नतीजों के बारे में सोचना चाहिए था।

जज ने कहा कि मालवीय की प्रतिक्रिया ने कानून नहीं तोड़ा। केस को जिंदा रखना कानूनी सिस्टम का गलत इस्तेमाल होगा। कोर्ट ने इसे एक परेशान करने वाला चलन बताते हुए इस पर गहरी निराशा भी जताई।

### मालवीय बोले सिर्फ वही शेयर किया था जो पहले से पब्लिक था



मालवीय ने पोस्ट किया था, तमिलनाडु के सीएम स्टालिन के बेटे और डीएमके सरकार में मंत्री उदयनिधि सने सनातन धर्म को मलेरिया और डेंगू से जोड़ा है... उनका मानना है कि इसे सिर्फ विरोध नहीं, बल्कि जड़ से खत्म कर देना चाहिए। संक्षेप में वह भारत की 80 फीसदी आबादी के नरसंहार की बात कर रहे हैं, जो सनातन धर्म को मानते हैं। मालवीय ने कोर्ट को बताया कि उन्होंने सिर्फ वही शेयर किया था जो पहले से पब्लिक था। उन्होंने भाषण के बारे में सवाल पूछे थे। उन्होंने तर्क दिया कि उनकी पोस्ट को गलत समझा गया।

### पुलिस की एफआईआर पर उठाए सवाल

#### प्रतिक्रिया देने वालों को पर कार्रवाई

मद्रास हाई कोर्ट ने कहा कि मंत्री के भाषण के खिलाफ कोई केस दर्ज नहीं किया गया। लेकिन जिसने इस पर सवाल उठाया, उसके खिलाफ तुरंत आपराधिक मामला दर्ज कर लिया गया। जज ने आगे कहा कि यह देखकर दुख होता है कि आपत्तिजनक बयान देने वाले अक्सर आजाद घूमते हैं। जबकि उन पर प्रतिक्रिया देने वालों को पुलिस कार्रवाई का सामना करना पड़ता है।

#### हेट स्पीच करने वाले आजाद

कोर्ट ने कहा कि यह कोर्ट दुख के साथ मौजूदा स्थिति को दर्ज करता है कि जो व्यक्ति हेट स्पीच शुरू करता है, उसे आजाद छोड़ दिया जाता है। लेकिन जो हेट स्पीच पर प्रतिक्रिया देते हैं। कोर्ट उन लोगों से भी सवाल कर रहे हैं जिन्होंने प्रतिक्रिया दी। हेट स्पीच शुरू करने वाले के खिलाफ कानून को हरकत में नहीं ला रहे हैं।

#### क्या है पूरा मामला




*यह विवाद 2023 में सनातन उन्मूलन सम्मेलन नाम के एक कार्यक्रम में शुरू हुआ। यहां उदयनिधि स्टालिन ने 'सनातन धर्म' की तुलना डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से की थी। साथ ही इसे खत्म करने की बात कही। उनकी टिप्पणियों से अलग-अलग अदालतों में कई मामले दर्ज हुए। भाषण के बाद, अमित मालवीय ने ऑनलाइन एक वीडियो क्लिप शेयर किया। साथ ही मंत्री के शब्दों के अर्थ और इरादे पर सवाल उठाया। इसके बाद मालवीय के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई। इसमें उन पर नफरत और झूठी जानकारी फैलाने का आरोप लगाया गया।*

---

# लिव-इन में रहने वाली महिलाओं को मिलना चाहिए पत्नी का दर्जा

मद्रास हाईकोर्ट की बड़ी टिप्पणी पुरुषों की मंशा पर उठाए सवाल



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै पीठ ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण टिप्पणी की कि गंधर्व विवाह की प्राचीन अवधारणा के तहत लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाली महिलाओं को पत्नी का दर्जा दिया जाना चाहिए। हाईकोर्ट ने साथ ही यह भी टिप्पणी की कि इससे महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि आधुनिक सामाजिक ढांचे में कमजोर महिलाओं की रक्षा करना न्यायपालिका की जिम्मेदारी है, क्योंकि लिव-इन संबंधों में उन्हें वैसी कानूनी सुरक्षा नहीं मिलती जैसी विवाहित महिलाओं को प्राप्त होती है।

### गंधर्व विवाह का जिक्र कर की बड़ी टिप्पणी

तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली जिले के मनप्पराई महिला पुलिस स्टेशन द्वारा गिरफ्तार किए गए एक व्यक्ति की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए पीठ ने ये टिप्पणियां कीं। शख्स पर आरोप था कि उसने शादी का झूठा वादा कर महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाए और बाद में वादे से मुकर गया। लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक अदालत ने कहा, 'लिव-इन रिलेशनशिप में महिलाओं को गंधर्व विवाह या प्रेम विवाह के तहत पत्नी का दर्जा देकर संरक्षण दिया जाना चाहिए। जिससे ऐसे संबंधों में अस्थिरता होने की स्थिति में भी उन्हें पत्नी के रूप में अधिकार मिल सकें।'

### आधुनिकता का दावा करते हैं पुरुष

जज ने आगे कहा कि कई युवा महिलाएं मॉडर्न लाइफस्टाइल अपनाने की चाहत में ऐसे रिलेशनशिप में आती हैं लेकिन बाद में निराश हो जाती हैं क्योंकि कानून लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाली महिलाओं को शादीशुदा महिलाओं की तरह सुरक्षा नहीं देता है। कोर्ट ने कहा कि जो पुरुष मॉडर्निटी के नाम पर इसका फायदा उठाते हैं और शादी के वादे से मुकर जाते हैं, वे कानूनी नतीजों से बच नहीं सकते।

---

#### कल्याण-डोंबिवली नगर निगम चुनाव

## राज ठाकरे के 5 नगरसेवकों ने शिंदे गुट को दिया 'समर्थन'

■ महाराष्ट्र के विभिन्न नगर निकायों में महापौर पदों को लेकर मची होड़

एजेंसी ▶▶| मुंबई



एकनाथ शिंदे, राज ठाकरे फाइल फोटो

कल्याण-डोंबिवली नगर निगम (केडीएमसी) में निकाय चुनाव के बाद राज ठाकरे के महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) ने इस बार एकनाथ शिंदे की शिवसेना को समर्थन देने का फैसला किया है। एमएनएस के पूर्व विधायक प्रमोद राजू पाटिल ने पार्टी के पांचों नगरसेवकों की ओर से शिवसेना को समर्थन देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह निर्णय शहर के विकास को ध्यान में रखत हुए लिया गया है। इससे पहले शिवसेना के सभी 53 नगरसेवक नवी मुंबई में स्थित कोंकण संभागीय आयुक्त कार्यालय पहुंच, जहां उन्होंने अपने गुट का औपचारिक पंजीकरण कराया। इस दौरान एमएनएस के 5 नगरसेवकों ने भी वहीं अपनी प्रक्रिया पूरी कर शिवसेना को समर्थन देने की घोषणा की। हाल ही में हुए 122 सदस्यीय केडीएमसी चुनाव में शिवसेना सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। शिवसेना के 53 नगरसेवकों और एमएनएस के 5 नगरसेवकों के समर्थन से यह संख्या अब 58 पहुंच गई है। उद्धव गुट के 11 में से कुछ नगरसेवक भी शिंदे गुट के संपर्क में बताए जा रहे हैं।

#### भाजपा अध्यक्ष की पहली बैठक

## संगठन की मजबूती व जनकल्याण योजनाओं पर रहा पूरा फोकस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों और प्रदेश अध्यक्षों के साथ बैठक की। नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय विस्तार में हुई इस बैठक में पार्टी के संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा हुई साथ ही केंद्र सरकार और राज्यों की भाजपा शासित सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से जनता के बीच पहुंचाने का आह्वान भी मंच से किया गया। चुनावी राज्यों के लिए संगठनात्मक तैयारियों पर भी मंथन बैठक में हुआ। नवीन ने इस मौके पर कहा कि भाजपा की असली ताकत उसका अनुशासित संगठन और समर्पित कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा



■ भाजपा अध्यक्ष नवीन ने पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों और प्रदेश अध्यक्षों संग की बैठक

कि बूथ स्तर तक संगठन ज्यादा से ज्यादा मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पार्टी के हर कार्यकर्ता को पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाना है। पार्टी अध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्षों का आह्वान किया कि केंद्र सरकार और राज्यों में अपनी सरकारों की योजनाओं को प्रभावी तरीके से लोगों तक पहुंचाएं।

## तैयारी तेजः भारत से 3300 यहूदी वापस इजराइल जाएंगे



फाइल फोटो

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मंजूरी के बाद, भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में रहने वाले 'बनेई मेनाशे' समुदाय को इजराइल ले जाने की प्रक्रिया ने गति पकड़ ली है। दिसंबर की शुरुआत में मिजोरम की राजधानी आइजोल में आयोजित एक विशेष शिविर के दौरान लगभग 3,300 आवेदकों के इंटरव्यू लिए गए। यह प्रक्रिया दो मुख्य कारणों से ऐतिहासिक मानी जा रही है। एक दशक के अंतराल के बाद आयोजित यह स्क्रीनिंग इस बार किसी निजी संस्था के बजाय सीधे इजरायल सरकार के 'अलियाह और एब्जॉर्प्शन मंत्रालय' द्वारा संचालित की गई। 25 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मंत्रालय के डिप्टी डायरेक्टर-जनरल ने किया, जिसमें 'डेयानिम' (रैबिनिकल जज) भी शामिल थे।

### आइजोल पहुंचे लोग

आवेदकों में मणिपुर के चुराचांदपुर से आए कुकी समुदाय के लोग बड़ी संख्या में शामिल थे। हिंसा प्रभावित क्षेत्रों से आइजोल पहुंचने के लिए आवेदकों ने 10 घंटे की यात्रा तय की। बनेई मेनाशे समुदाय खुद को इजरायल की खोई हुई जनजातियों का वंशज मानता है।

### भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स 27 साल बाद रिटायर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर महीनों तक फंसे रहे दो अंतरिक्ष यात्रियों में शामिल नासा की सुनीता विलियम्स 27 साल बाद सेवानिवृत्त हो गई हैं। अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मंगलवार को बताया कि भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की सेवानिवृत्ति का आदेश पिछले साल दिसंबर के अंत से प्रभावी हो गया। बोइंग की कैप्सूल परीक्षण उड़ान के दौरान विलियम्स के साथ अंतरिक्ष में फंसे रहे बुच विलमोर ने पिछले साल गर्मियों में नासा छोड़ दिया था। विलियम्स और विलमोर को 2024 में अंतरिक्ष स्टेशन भेजा गया था।




**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (सीएसआईआर)**
**अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001**
**विज्ञापन सं. 01/2026**

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (सीएसआईआर), सीएसआईआर-केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीरी), पिलानी के निदेशक के पद हेतु सीएसआईआर में लागू भत्तों सहित पे-मैट्रिक्स के लेवल 15 (रु. 1,82,200-2,24,100) में आवेदन/नामांकन आमंत्रित करता है।

पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तों के लिए, कृपया सीएसआईआर की वेबसाइट www.csir.res.in पर विस्तृत/पूर्ण विज्ञापन संख्या 01/2026 देखें। आवेदन/नामांकन पूर्ण बायोडाटा और प्रकाशनों/पेटेंटों आदि की सूची सहित ई-मेल के माध्यम से ई-मेल आईडी drc.hqrs@csir.res.in पर अथवा डायरेक्टर रिक्रूटमेंट सेल, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (सीएसआईआर), अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 को डाक द्वारा दिनांक 28/02/2026 को अथवा उससे पहले भेजें।

**CBC 36202/11/0032/2526**


---

#### वायुसेना प्रमुख सिंह बोले

## मजबूत सेना होने के बावजूद इच्छाशक्ति की कमी से वेनेजुएला व इराक को झुकना पड़ा



■ हथियार और सेना रखना काफी नहीं है, सैन्य ताकत महत्वपूर्ण है: एपी सिंह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा है कि सैन्य शक्ति राष्ट्रीय ताकत का अंतिम फैसला करने वाला तत्व है, लेकिन उसकी असली प्रभावशीलता राजनीतिक और रणनीतिक इच्छाशक्ति पर निर्भर करती है। उन्होंने वेनेजुएला-इराक को हाल के उदाहरण बताते हुए कहा कि इन देशों में मजबूत सेना होने के बावजूद इच्छाशक्ति की कमी के कारण वे दूसरे देशों के सामने झुक गए। यह बात उन्होंने दिल्ली में 22वें सुब्रतो मुखर्जी सेमिनार में कही। यह सेमिनार सेंटर फॉर एयरोस्पेस पावर एंड स्ट्रैटेजिक स्टडीज द्वारा आयोजित किया गया था। एयर चीफ ने भारतीय वायुसेना के संस्थापक एयर मार्शल सुब्रतो मुखर्जी को याद किया। सीमित संसाधनों और अनिश्चितता के दौर में दूरदर्शिता ने वायुसेना को सही दिशा दी।

## लोकतंत्र को मजबूत करने की कुंजी है शुद्ध मतदाता सूचीः ज्ञानेश कुमार

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने विपक्षी दलों द्वारा मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर सवाल उठाए जाने की पृष्ठभूमि में बुधवार को कहा कि 'शुद्ध' मतदाता सूची लोकतंत्र को मजबूत करने की कुंजी है।

उन्होंने यहां चुनाव प्रबंधन निकायों के एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए इस बात का उल्लेख भी किया कि पिछले साल बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं को शामिल करने या उनके नाम हटाने



▶▶| मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने चुनाव प्रबंधन निकायों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया
▶▶| विपक्षी दलों मतदाता सूचियों के एसआईआर पर उठा रहा सवाल

को चुनौती देने वाली एक भी शिकायत दर्ज नहीं की गई थी। कुमार ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव के दो चरणों में एक लाख मतदान केंद्रों में से एक पर भी पुनर्मतदान का आदेश नहीं दिया गया था।

### एसआईआर सुनवाई का नोटिस मिला तो बुजुर्ग को पड़ा दिल का दौरा

▶▶| वृद्ध की मौत पर निर्वाचन आयोग पर प्राथमिकी दर्ज

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में एक बुजुर्ग की मौत हो गई, जिसके बाद परिवार ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कवायद को लेकर चिंता के कारण उन्हें दिल का दौरा पड़ा, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि वह एक परिवार के पांच सदस्यों में से एक थे, जिन्हें मतदाता सूची के एसआईआर के तहत सुनवाई का नोटिस मिला था। वहीं बंगाल के पुरुलिया जिले में निर्वाचन आयोग के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिसमें एक बुजुर्ग की मौत का जिक्र है।


भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी- पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंज़िल,
प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर,
गुडगाँव, हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor, Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

**प्रारूप संख्या एसटीके-6**

**सार्वजनिक सूचना**

{कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में।}

सार्वजनिक नोटिस ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2025-26/1773 दिनांकः-14/01/2026

संदर्भः

1. कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (11) कम्पनियों का नाम **हरियाणा** राज्य से हटाने के मामले में:

| S.No | Work Item | CIN | Hindi Name |
|---|---|---|---|
| 1 | AC1080226 | U46305HR20230P C116398 | ट्रेडएफटी एंटरप्राइजेज (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | AC1068768 | U74999HR2016PTC063794 | पेपप अप प्राइवेट लिमिटेड |
| 3 | AC1032452 | U14101HR20240PC117671 | गौराशिव गारमेंट्स (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 4 | AC1007348 | U74140HR2013PTC048242 | जॉय फाइनेंशियल कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड |
| 5 | AC0989218 | U72900HR2018OP 0075096 | एटोरकिजुन (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 6 | AC0982420 | U63030HR2022PTC108201 | टोमरन मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड |
| 7 | AC0964825 | U74999HR2018PTC075797 | रैपोर्ट सप्लाई नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड |
| 8 | A00924834 | U70200HR2023PTC116265 | नैपकेल्टे प्राइवेट लिमिटेड |
| 9 | A00364836 | U51909HR2020PTC085261 | एथेना कंज्यूमर प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 10 | A00355857 | U56300HR20240P C121196 | प्योरग्रोन हार्वेस्ट (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 11 | AC0321965 | U72900HR2019PTC081563 | डेकैडियस इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रूप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी ने रजिस्ट्रार से अपना/अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।
3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है।
4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को/कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं।

इरकन तिर्की
उप-पंजीयक
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र

CBC 07123/11/0611/2526


---

#### गणतंत्र दिवस परेड में लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना दे रही ये संदेश

# महिला सशक्तिकरण, समान अवसर और स्वदेशी जहाज निर्माण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस की परेड 2026 की रिहर्सल जारी हैं। भारतीय सैन्य बल कर्तव्य पथ पर दमदार प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। इस वर्ष गणतंत्र दिवस की परेड महिलाओं को समर्पित है। नौसेना की झांकी में भी महिला सशक्तिकरण और स्वदेशी ताकत की झलक दिखेगी। नौसेना में लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के. ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2026 की परेड में नेवल टेबल्यू महिला सशक्तिकरण, समान अवसर और स्वदेशी जहाज निर्माण को दिखाएगा। वे उस समय चर्चा में आईं थी,जब पीएम मोदी ने मन की बात में नविका सागर परिक्रमा जैसी समुद्री महायात्रा का जिक्र किया था। दिलना ने पीएम मोदी का आभार जताते हुए कहा कि ये उपलब्धि व्यक्तिगत नहीं रही, बल्कि देश की प्रेरणा बन गई है।

नविका सागर परिक्रमा में लिखा इतिहास




लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के

### नेवल टेबल्यू का संदेश

महिला सशक्तिकरण– नौसेना में महिलाएं अब भूमिका नहीं, नेतृत्व निभा रही हैं। समान अवसर– पुरुष और महिला, दोनों के लिए एक जैसे मानक। स्वदेशीकरण– भारत में बने युद्धपोत, आत्मनिर्भर रक्षा शक्ति।

### कॉमर्स से स्नातक के बाद नौसेना में प्रवेश

दिलना के का जन्म केरल के कोझिकोड में पैराम्बिल कड़ाव में हुआ था। उनके पिता लेफ्टिनेंट डेवडासन भारतीय सेना में सेवा करते थे, जिनका देहांत बाद में हो गया। उनकी मां का नाम रीजा है, जिन्होंने हमेशा दिलना के करियर को हमेशा समर्थन दिया। उन्होंने कॉमर्स से स्नातक की डिग्री हासिल की। बाद में भारतीय नौसेना में प्रवेश लिया। जून 2014 में लॉजिस्टिक्स ब्रांच में कमीशन प्राप्त किया।

### विश्व भ्रमण मिशन का हिस्सा बनीं

नविका सागर परिक्रमा भारतीय नौसेना का ऐतिहासिक समुद्री अभियान रहा। उन्होंने इस ऐतिहासिक समुद्री अभियान में हिस्सा लिया, जो भारतीय नौसेना का दूसरा 'ऑल-वीमेन' विश्व भ्रमण मिशन था। जिसका उद्देश्य था, भारतीय महिला अधिकारियों की सहनशक्ति और समुद्री कौशल को परखना। दुनिया को दिखाना कि भारतीय नौसेना लैंगिक समानता को जमीन से समंदर तक निभाती है। दिलना के ने इस अभियान के जरिए लंबी समुद्री यात्रा, चुनौतीपूर्ण मौसम और तकनीकी जटिलताओं का सामना किया। उनके अनुभवों ने यह संदेश दिया कि डिफेंस करियर केवल ताक़त नहीं, धैर्य और टीमवर्क भी मांगता है।

चिंतन

# प्रदूषण पर अब छोटे शहरों को भी सतर्क होना होगा

जिस कश्मीर को सदियों से धरती का स्वर्ग कहा जाता रहा है, वहां की हवा आज लोगों के लिए सांस लेना मुश्किल बना रही है। जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में वायु प्रदूषण का स्तर पिछले 7 वर्षों में सबसे खराब स्थिति में पहुंच चुका है। बुधवार को शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 308 दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस स्तर की हवा में सांस लेना लगभग चार सिगरेट पीने के बराबर है। यह आंकड़ा केवल एक संख्या नहीं, बल्कि उस खतरे का संकेत है, जो अब पहाड़ों, झीलों और हरियाली से घिरे शहरों तक भी पहुंच चुका है। एयर मॉनिटरिंग डेटा यह बताता है कि जनवरी में श्रीनगर की वायु गुणवत्ता लगातार खराब रही। वर्ष 2019 के बाद 2026 को श्रीनगर का सबसे प्रदूषित वर्ष माना जा रहा है, जहां औसत एक्यूआई 159 रहा। इतनी तेजी से गिरती वायु गुणवत्ता यह दर्शाती है कि यदि अब भी सतर्क नहीं हुए तो छोटे और पहाड़ी शहर भी महानगरों जैसी प्रदूषण त्रासदी झेलने को मजबूर होंगे। अब तक वायु प्रदूषण को दिल्ली, मुंबई और कोलकाता जैसे महानगरों की समस्या माना जाता रहा है, लेकिन श्रीनगर में बढ़ता प्रदूषण इस धारणा को तोड़ता है। प्राकृतिक सुंदरता, कम औद्योगीकरण और अपेक्षाकृत कम जनसंख्या के बावजूद श्रीनगर का इस स्तर तक प्रदूषित होना गंभीर चेतावनी है। दिल्ली की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी का एक्यूआई 339 दर्ज किया गया, जो लगातार 'बहुत खराब' श्रेणी में बना हुआ है। दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा समेत देश के कई राज्य गंभीर प्रदूषण की चपेट में हैं। हालांकि, हरियाणा में दिल्ली की तुलना में वाहनों की संख्या कम होने के कारण वहां प्रदूषण का स्तर अपेक्षाकृत कम देखा जाता है। यह तुलना साफ तौर पर बताती है कि वाहनों की बढ़ती संख्या प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण बन चुकी है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने सर्वोच्च न्यायालय को यह स्पष्ट किया है कि दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा योगदान वाहनों से होने वाले उत्सर्जन का है। इसके बावजूद, अक्सर पराली जलाने को ही प्रदूषण का मुख्य कारण ठहराया जाता है। यह सच है कि पराली जलाना एक समस्या है, लेकिन यह मौसमी और सीमित समय तक प्रभाव डालती है, जबकि वाहनों से निकलने वाला धुआं पूरे वर्ष शहरों की हवा को जहरीला बनाता रहता है। प्रदूषण में सुधार के लिए सीएमक्यूएम ने 15 दीर्घकालिक उपायों की सिफारिश की है। इनमें वाहनों को इलेक्ट्रिक, सीएनजी या अन्य ग्रीन फ्यूल पर स्थानांतरित करना प्रमुख है। प्रदूषण केवल स्वास्थ्य संकट नहीं है, बल्कि यह देश की अर्थव्यवस्था के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है। हार्वर्ड विश्वविद्यालय की प्रोफेसर और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ ने विश्व आर्थिक मंच में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रदूषण का प्रभाव, भारत पर लगाए गए किसी भी टैरिफ के प्रभाव से कहीं अधिक गंभीर है। उनका यह बयान इस सच्चाई को उजागर करता है कि पर्यावरणीय गिरावट की आर्थिक लागत दीर्घकाल में विकास दर, श्रम उत्पादकता और स्वास्थ्य व्यय पर भारी बोझ डालती है। आज जरूरत है कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर ठोस और प्रभावी नीतियां लागू करें। छोटे शहरों में भी एयर मॉनिटरिंग नेटवर्क को मजबूत किया जाए, स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा दिया जाए और लोगों को जागरूक किया जाए कि प्रदूषण से लड़ाई सामूहिक प्रयास से ही जीती जा सकती है।



विश्लेषण
अरविंद जयतिलक

# भारत और यूएई के परवान चढ़ते रिश्ते

**यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान की महज तीन घंटे की भारत यात्रा ने दोनों देशों के रिश्ते को मिठास से भर दिया है। दोनों देशों ने कई अहम समझौते पर मुहर लगाई है, वहीं साझा बयान में सीमा पार आतंकवाद और आतंकवाद के सभी रूपों की कड़ी निंदा की है। भारत संयुक्त अरब अमीरात का दूसरा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है, वहीं अमीरात भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है। साथ ही वह कच्चे तेल का तीसरा और एलएनजी-एलपीजी का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत है। माना जा रहा है कि यूएई के राष्ट्रपति की भारत यात्रा से दोनों देशों के आर्थिक व कुटनीतिक संबंधों में और भी मजबूती आएगी और व्यापारिक साझेदारी को नया आयाम मिलेगा।**

यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान की महज तीन घंटे की भारत यात्रा ने दोनों देशों के रिश्ते को मिठास से भर दिया है। दोनों देशों ने कई अहम समझौते पर मुहर लगाई है। दोनों देशों ने साझा बयान में सीमा पार आतंकवाद और आतंकवाद के सभी रूपों की कड़ी निंदा की है। दोनों देशों ने एफएटीएफ अर्थात फाइनेंशियल एक्शन टॉस्क फोर्स के फ्रेमवर्क के तहत मनी लॉन्ड्रिंग विरोधी और आतंकवाद फाइनेंस के तहत सहयोग पर सहमति जताई है। इसके अलावा रक्षा, एआई डिजिटल सहयोग, खाद्य सुरक्षा, अंतरिक्ष और निवेश में भी एक-दूसरे से कंधा जोड़ने पर भी सहमति जताई है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2032 तक दोनों देशों के साझा कारोबार 200 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद जताई है।

आज की तारीख में दोनों देशों के बीच एक सौ अरब डॉलर से अधिक का कारोबार हो रहा है। यूएई गुजरात के धोलेरा में मेगा निवेश के साथ गिफ्ट सिटी में फर्स्ट आबूधाबी बैंक और डीपी वर्ल्ड का ऑफिस बनाने को तैयार है। निःसंदेह इस पहल से दोनों देशों की अर्थव्यवस्था और इंफ्रास्ट्रक्चर को पंख लगेंगे। याद होगा कि जनवरी 2024 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान की 'वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट' यात्रा हुई थी, जिसमें उन्होंने सहभागिता और विकास में सहयोग का उल्लेखनीय संकल्प व्यक्त किया था। गत वर्ष प्रधानमंत्री मोदी की संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा के दौरान भी दोनों देश आर्थिक क्षेत्र में क्रांतिकारी पहल करते हुए अपनी करेंसी रुपये और दिरहम में व्यापार समझौता शुरू करने पर सहमत हुए थे। आरबीआई और संयुक्त अरब अमीरात के सेंट्रल बैंक के बीच संपन्न हुए समझौते के तहत दोनों बैंक ने एक फ्रेमवर्क तैयार करने पर सहमति जाहिर कि जिसमें क्रॉस-बार्डर ट्रांजेक्शन के लिए लोकल करेंसी का इस्तेमाल होगा। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नहयान के बीच इतने अधिक मधुर संबंध हैं कि तब प्रिंस रहे मोहम्मद बिन जायद अल नहयान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यूएई के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ जायद' से नवाजा और उन्हें अपना भाई बताते हुए 'अपने दूसरे घर' आने के लिए आभार जताया था। गौर करें तो दोनों देशों के बीच बढ़ती प्रगाढ़ता कई मायने में महत्वपूर्ण है। ऐतिहासिक, राजनीतिक, भौगोलिक, सांस्कृतिक व आर्थिक कारणों से अरब देश सदैव ही भारत की विदेश नीति में विशिष्ट महत्व का विषय व केंद्र बिंदू रहे हैं। यह क्षेत्र भारत के विदेश नीति के रक्षा संबंधित पहलुओं को प्रभावित करता है और इसी को ध्यान में रख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संयुक्त अरब अमीरात से निर्णायक संबंध जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। अच्छी बात है कि संयुक्त अरब अमीरात संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की दावेदारी का समर्थन कर चुका है। दोनों देश आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में साथ मिलकर चलने का भी संकल्प ले चुके हैं। फिलहाल भारत को अरब देशों से ऐसे दीर्घकालिक एवं सुसंगत रणनीति के तहत काम करने की जरूरत है ताकि वह इस क्षेत्र की अपेक्षाएं एवं सरोकार को फलीभूत कर सके। फरवरी 2007 में बंगलौर में आयोजित 'एयरो इंडिया शो' में भाग लेने के लिए संयुक्त अरब अमीरात ने भी अपने



अधिकारियों को भेजा था। जून 2003 में द्विपक्षीय प्रतिरक्षा आदान-प्रदान के लिए संयुक्त प्रतिरक्षा सहयोग समिति यानी ज्वाइंट डिफेंस को-ऑपरेशन कमेटी के गठन के लिए एक मसौदे पर हस्ताक्षर भी किए गए। भारतीय नौसेना के पोतों ने संयुक्त अरब अमीरात की अनेक सदभावना यात्राएं की। ज्वाइंट डिफेंस को-ऑपरेशन कमेटी के प्रावधानों के अनुसार मार्च 2007 में आयोजित हुई। इसकी पहली बैठक में संयुक्त अरब अमीरात की पांच सदस्यीय प्रतिरक्षा टीम एंटी एयरक्रॉफ्ट गन एल-70 के जांच के लिए भारत आई। इससे साफ संकेत मिला कि संयुक्त अरब अमीरात की भारतीय प्रतिरक्षा हार्डवेयर के प्रति अभिरुचि है। यह भारत के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

उदाहरण के लिए दोनों देशों ने प्रत्यपर्ण संधि, आपराधिक एवं सिविल मामलों में आपसी विधिक सहायता संधि, सिविल एवं वाणिज्यिक मामलों में सहयोग के लिए विधिक एवं न्यायिक समझौता किया, जो सन 2000 से ही लागू है। इस संधि के तहत दोनों देश अपराधियों के हस्तांतरण के अलावा आपसी विधिक सहायता को मूर्त रूप दे सकते हैं। चूंकि यह क्षेत्र नशीली दवाओं का अड्डा बनता जा रहा है इसलिए दोनों देशों ने नशीली दवाओं की तस्करी रोकने के लिए 1994 में समझौता किया। इसी तरह 1975 में सांस्कृतिक समझौता और 1989 में नागरिक उड्डयन समझौता हुआ। सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए सन 2000 में अमीरात न्यूज एजेंसी तथा प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के बीच समझौता हुआ। सेबी और अमीरात प्रतिभूति एवं पण्य प्राधिकरण के बीच भी समझौता हुआ। साथ ही प्रत्यायन गतिविधियों में तकनीकी सहयोग के लिए ईएसएमए तथा नेशनल एक्रिडेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज के बीच समझौते हुए। दूरदर्शन के ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन महानिदेशालय अर्थात प्रसार भारती तथा अमीरात केबल टीवी मल्टीमीडिया एलएलसी के बीच चैनल प्रबंधन समझौते को सन् 2000 में आकार दिया गया। इस समझौते के अनुसार दूरदर्शन संयुक्त अरब अमीरात में डाउन लिंकिंग तथा वितरण कर सकता है। दोनों देशों के बीच दिसंबर 2006 में मैन पॉवर सोर्सिंग इनकॉरपोरेशन के एक मसौदे पर भी समझौता हुआ। इतिहास पर दृष्टि डालें तो इस क्षेत्र से भारत का सामाजिक व व्यापारिक संबंध शताब्दियों का रहा है। भारत से मसाले व कपड़े अमीरात क्षेत्र को और अमीरात से मोती व खजूर भारत को भेजे जाते रहे हैं। चूंकि पश्चिमी तट विशेष रूप से मालाबार तट में भारत के व्यापारिक अड्डे शारजाह एवं दुबई हैं, इस नाते भी दोनों क्षेत्रों के बीच सांस्कृतिक व व्यापारिक संबंधों में मिठास बनी हुई है। उसी का नतीजा है कि आज संयुक्त अरब अमीरात में तकरीबन पैंतीस लाख से अधिक भारतीय कामगार हैं जो न सिर्फ रोजी-रोटी कमा रहे हैं बल्कि अपनी कमाई का पैसा भारत भेजकर भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहे हैं।

अरब देशों में संयुक्त अरब अमीरात एक महत्वपूर्ण वाणिज्यिक एवं व्यवसायिक हब है तथा साथ ही सिंगापुर एवं हांगकांग के बाद विश्व में तीसरा प्रमुख पुनर्निर्यातक केंद्र भी। यही वजह है कि यह इराक, ईरान, सीआइएस देशों तथा अफ्रीका आदि बाजारों के लिए स्रोत केंद्र बना हुआ है। भारत संयुक्त अरब अमीरात का दूसरा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है, वहीं अमीरात भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है। साथ ही वह कच्चे तेल का तीसरा और एलएनजी-एलपीजी का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत है। माना जा रहा है कि यूएई के राष्ट्रपति की भारत यात्रा से दोनों देशों के आर्थिक व कुटनीतिक संबंधों में और भी मजबूती आएगी और व्यापारिक साझेदारी को नया आयाम मिलेगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मुद्दा
राज कुमार सिंह



# ट्रंप को नोबेल सौंप संदेह व सवालों में घिरीं मचाडो


आखिरकार शांति का नोबेल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तक पहुंच ही गया। खुद को शांति दूत बताने वाले ट्रंप की दावेदारी के बावजूद नोबेल पुरस्कार समिति ने तो उन्हें इस लायक नहीं माना, पर वेनेजुएला की जिन विपक्षी नेता मारिया मचाडो को नोबेल दिया गया था, वही खुद वाशिंगटन जाकर उन्हें अपना पुरस्कार सौंप आयीं। अपने साल भर के शासन में युद्ध विराम का इतिहास रचने के एकतरफा दावे करते हुए ट्रंप खुद को शांति के नोबेल का सही पात्र बताते रहे, लेकिन पुरस्कार समिति को ऐसा नहीं लगा। सो, अमेरिकी राष्ट्रपति के दावे को नजरअंदाज कर समिति ने नोबेल दे दिया वेनेजुएला में लोकतांत्रिक और मानवाधिकारों के लिए संघर्षरत विपक्षी नेता मारिया मचाडो को। खुद को दुनिया का चौधरी समझने वाले ट्रंप नाराज हुए। नोबेल समिति को बुरा-भला भी कहा। फिर भी मचाडो ने वेनेजुएला में लोकतंत्र बहाली में सहयोग की आकांक्षा जताते हुए अपना नोबेल उन्हें समर्पित करने की बात कही थी। तब माना गया था कि यह एक नोबेल विजेता का बड़प्पन है कि उसने अपनी प्रतिक्रिया में पदक से वंचित को अपना पदक समर्पित किया पर मचाडो ने ट्रंप से मुलाकात में उन्हें बाकायदा अपना नोबेल सौंपकर अब दुनिया को चौंका दिया है। हालांकि नोबेल पुरस्कार समिति ने स्पष्ट कर दिया है कि इसे किसी को गिफ्ट या ट्रांसफर नहीं किया जा सकता। यह भी कि सिर्फ मूल विजेता ही हमेशा नोबेल पुरस्कार विजेता कहलाएगा। मचाडो द्वारा अपना नोबेल ट्रंप को देने के पीछे की किसी डील पर फिलहाल अटकलें ही लगाई जा सकती हैं। वैसे मचाडो से पहले वेनेजुएला पर हमला



कर ट्रंप दुनिया को चौंका चुके थे। नार्को टैररिज्म आदि के आरोपों के बीच लगातार धमकाते रहने के बाद एक दिन अचानक ट्रंप ने अपनी डेल्टा फोर्स भेज कर वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सपत्नीक उठवा लिया। मादुरो पर अमेरिका में जारी मुकदमे के बीच ही मचाडो वाशिंगटन पहुंच कर ट्रंप से मिलीं और अपना नोबेल उन्हें गिफ्ट कर दिया। उन्होंने ट्रंप पर पूरा भरोसा जताते हुए इसे वेनेजुएला के निवासियों के लिए ऐतिहासिक दिन भी करार दिया। ट्रंप ने भी मारिया से मुलाकात को सम्मानजनक बताते हुए टिप्पणी कीः 'उन्होंने मेरे अच्छे कामों के लिए मुझे अपना नोबेल शांति पुरस्कार प्रदान किया। हमारे बीच का यह आपसी सम्मान कमाल का है।' इसमें दो राय नहीं कि इंजीनियरिंग का पेशा छोड़कर राजनीति में आयीं तलाकशुदा 58 वर्षीय मचाडो ने वाकई वेनेजुएला में तानाशाही शासन समाप्त कर लोकतंत्र बहाली के लिए लंबा शांतिपूर्ण संघर्ष किया है। उन्होंने बहुत कुछ सहा भी है। उसी संघर्ष के लिए उन्हें विश्व का सबसे प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार भी मिला, जो उन्होंने अब उसी व्यक्ति को सौंप दिया है, जिसे पूरी दुनिया वेनेजुएला पर सैन्य आक्रमण करने वाले विदेशी शासक के रूप में देखती है। ट्रंप खुद वेनेजुएला का तेल बेच कर मुनाफा कमाने की बात कह रहे हैं, लेकिन उन्हें अपना नोबेल सौंपते हुए मचाडो ने लिखाः 'ट्रंप ने वेनेजुएला की आजादी के लिए जो किया है, उसे वेनेजुएला के लोग कभी नहीं भूलेंगे।' मादुरो की गिरफ्तारी के बाद वेनेजुएला में भावी सत्ता व्यवस्था और चुनावों की अटकलों के बीच ट्रंप से मिलीं मचाडो कोई ठोस आश्वासन नहीं पा सकीं। वेनेजुएला के संविधान के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने उप राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को अंतरिम राष्ट्रपति नियुक्त किया है, पर ट्रंप खुद को वहां का कार्यवाहक राष्ट्रपति बता रहे हैं। शायद ट्रंप को रोड्रिग्ज के साथ काम करने में कोई समस्या भी न हो, क्योंकि उनकी नजर तो वेनेजुएला में तेल और दुर्लभ खनिज संपदा के दोहन पर है। ऐसे में वेनेजुएला समेत दुनिया भर में मचाडो की नई भूमिका पर संदेह और सवाल स्वाभाविक हैं। बेशक मचाडो लंबे समय से वेनेजुएला में लोकतांत्रिक एवं मानवाधिकारों की बहाली के लिए संघर्षरत हैं। 2024 में उन्हें राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ने दिया गया और उनके द्वारा समर्थित विपक्षी उम्मीदवार एडमंड गोंजालेज को जीत के बावजूद सत्ता नहीं सौंपी गई। यह भी कि मादुरो की छवि तानाशाह शासक की रही है, लेकिन देश पर हमला कर उसके संसाधनों की लूट करने वाले विदेशी शासक का गुणगान करते हुए उसे अपना नोबेल सौंप कर खुद मचाडो अपनी साख पर उठते संदेह और सवालों से नहीं बच पाएंगी। अपने देश में लोकतांत्रिक और मानवाधिकारों के लिए संघर्ष निश्चय ही देश-समाज के प्रति साहसिक प्रतिबद्धता का काम है, लेकिन उसके लिए विदेशी आक्रांता का सहयोग लेना और उसका गुणगान करना कम-से-कम देश प्रेम के दायरे में तो नहीं आता।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समर्पण आवश्यक



संकलित
दर्शन

समर्पण प्रत्येक प्राणी के लिए अत्यंत आवश्यक भाव है। यही वह भाव है जिसके माध्यम से हम अपने आत्मीय जनों के प्रिय बन सकते हैं। यह स्मरण रहे कि राग, द्वेष, घृणा तथा स्वार्थ का त्याग किए बिना समर्पण की कल्पना व्यर्थ है। हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू में समर्पण का भाव आवश्यक है। समर्पण हमारे लौकिक एवं पारलौकिक दोनों जीवन की उन्नति के लिए आवश्यक है। संबंधों में मधुरता के लिए हमें परस्पर समर्पण भाव रखते हुए रिश्तों का निर्वहन करना होता है। स्वार्थ की दृष्टि से बनाए गए रिश्ते अल्पावधि के उपरांत समाप्त हो जाते हैं। इसी प्रकार लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भी समर्पण भाव का होना अत्यंत आवश्यक है। जब हम अपने संपूर्ण समर्पण के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए समर्पित हो जाते हैं, तब कोई भी लक्ष्य हमसे दूर नहीं रहता। समर्पण के साथ-साथ विश्वास का होना भी आवश्यक है। जिस प्रकार एक बीज धरती में रोपित किया जाता है, तो वह संपूर्ण रूप से खुद को धरती मां की गोद में समर्पित कर देता है। तभी उसमें विकास के नए अंकुर फूट पड़ते हैं। भास्कर की किरणें उसे शक्ति प्रदान करती हैं। पवन की शीतलता उसे दुलारती है। मेघ उसका अभिसिंचन करते हैं। इस प्रकार उसे संपूर्ण प्रकृति का सहयोग एवं साहचर्य मिलने लगता है। उसके बाद वह धीरे-धीरे एक संपूर्ण वृक्ष का आकार ले लेता है। एक ऐसे वृक्ष का, जिसके आश्रय में तमाम प्राणी शीतलता प्राप्त करते हैं।


## बिन बुलाए किसी के घर न जाएं



संकलित
प्रेरणा

माता सती के पिता प्रजापति दक्ष शिव जी को पसंद नहीं करते थे, क्योंकि शिव जी ने ब्रह्मा जी का पांच में से एक सिर काट दिया था। अपने पिता ब्रह्मा जी के साथ हुई इस घटना की वजह से दक्ष शिव जी को अपमानित करने के अलग-अलग अवसर खोजते रहते थे। दक्ष की पुत्री सती ने भगवान शिव से विवाह कर लिया था और दक्ष इस विवाह को रोक नहीं सके। विवाह के कुछ समय बाद दक्ष ने एक यज्ञ का आयोजन किया और इस यज्ञ में सभी देवी-देवताओं को आमंत्रित किया, लेकिन शिव और सती को आमंत्रित नहीं किया। माता सती को नारद से मालूम हुआ कि उनके पिता दक्ष यज्ञ करवा रहे हैं। सती इस यज्ञ में जाने के लिए तैयार हो गईं। शिव जी ने देवी सती को समझाया कि बिना बुलाए हमें यज्ञ जैसे आयोजन में नहीं जाना चाहिए, लेकिन शिव जी के समझाने पर भी देवी नहीं मानीं और यज्ञ में चली गईं। जब सती यज्ञ स्थल पर पहुंची तो उन्होंने देखा कि यज्ञ में शिव जी के अतिरिक्त सभी देवी-देवता आए हुए हैं। सती ने पिता दक्ष से शिव जी को न बुलाने का कारण पूछा तो दक्ष ने शिव जी के लिए अपमानजनक बातें कहना शुरू कर दीं। शिव जी का अपमान सती सहन नहीं कर सकीं और उन्होंने हवन कुंड में कूदकर अपनी देह त्याग दी। जब ये बात शिव जी को मालूम हुई तो वे बहुत क्रोधित हो गए। शिव जी के क्रोध से वीरभद्र प्रकट हुए। इसके बाद शिव जी के कहने पर वीरभद्र ने यज्ञ स्थल को उजाड़ दिया और दक्ष का सिर काट दिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सोना-चांदी के दामों पर नियंत्रण जरूरी

चांदी के भाव तो गजब ही ढा रहे हैं। 10-15 हजार के रोज भाव बढ़ रहे हैं जो जाकर अब एक किलो चांदी के 3 लाख पार हो गए हैं। आगे क्या होगा भगवान जाने। ठीक सोने के मूल्य भी 10 ग्राम डेढ़ लाख छू गए हैं। मेक्स (मल्टी कमोडिटीज एक्सचेंज) को बंद करने की मांग भी जूलरी संगठन ने उठाई है क्योंकि इसी से कतिपय धनाढ्य सट्टेबाज/उद्योगपति कृत्रिम भाव बढ़ा रहे हैं, जबकि वास्तव में इतने भाव हैं नहीं। इससे छोटे व्यापारी असमंजस में पड़े हुए हैं और उन्हें कभी भी भारी घाटा हो सकता है। उनकी मांग है कि सोना-चांदी के मूल्य-नियंत्रण वो खुद अपने हाथ में ले, ताकि बढ़ते सट्टाधारी भाव पर कंट्रोल हो सके। उन्होंने आने वाले बजट में इसके लिए नीति बनाने की मांग की है।

- **सुनील देशपांडे**, दुर्ग

## ट्रेंड

### लालच की महामारी



हर आम भारतीय की ज़िंदगी आज नर्क की यातना बन गई है। सिस्टम सत्ता के सामने बिक चुका है। सब एक-दूसरे की पीठ थपथपाते हैं और मिलकर जनता को रौंदते हैं। देश में लालच की महामारी फैल चुकी है, शहरी सड़न जिसका सबसे डरावना चेहरा है।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**


### असम चाय के नए बाजार



भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर और आगामी भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते के साथ, असम चाय को नए बाजार मिलेंगे। राज्य सरकार के दृष्टिकोण से, हम चाय उत्पादन के विभिन्न पहलुओं को प्रोत्साहित कर रहे हैं।

**- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**


### यमुना की सफाई



यमुना की सफाई के लिए संकल्प, टेक्नोलॉजी और ज़मीनी स्तर पर बदलाव, तीनों पर हमारी सरकार मिशन मोड में काम कर रही है। इसी दिशा में 'वाटर मास्टर' को नजफगढ़ ड्रेन में तैनात किया गया है। यह पहल ड्रेन्स की स्वच्छता की दिशा में एक निर्णायक बदलाव लाएगी।

**-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### गर्व की अनुभूति



पहले जम्मू-कश्मीर के लाल-चौक पर पाकिस्तानी झंडे फहराए जाते थे और कांग्रेस की सरकारें मौन रहती थीं, आज नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में लाल चौक पर शान से तिरंगा लहरा रहा है। इसे देखकर गर्व की अनुभूति होती है।

**- नितिन नवीन, अध्यक्ष, भाजपा**

## करंट अफेयर

### दुनिया के सबसे बड़े परमाणु संयंत्र का फिर होगा संचालन

जापान में 2011 में हुए फुकुशिमा परमाणु हादसे के बाद दुनिया के सबसे बड़े परमाणु संयंत्र का संचालन बुधवार को फिर से शुरू हो जाएगा। जापान बिजली की बढ़ती मांग पूरी करने के लिए परमाणु ऊर्जा का इस्तेमाल बढ़ा रहा है। काशीवाजाकी–कारिवा परमाणु ऊर्जा संयंत्र के नंबर–6 रिएक्टर में ऊर्जा उत्पादन की शुरुआती प्रक्रिया इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसका संचालन तोक्यो इलेक्ट्रिक पावर कंपनी होल्डिंग्स (टीईपीसीओ) कर रही है। यह वही कंपनी है जो क्षतिग्रस्त फुकुशिमा दाइची परमाणु संयंत्र का भी संचालन करती है। फुकुशिमा में टीईपीसीओ से जुड़ी पिछली सुरक्षा समस्याओं के कारण काशीवाजाकी–कारिवा संयंत्र के संचालन को लेकर लोग चिंतित हैं, खासकर इसलिए भी क्योंकि यह संयंत्र एक अलग–थलग और भूकंप संभावित क्षेत्र में स्थित है। काशीवाजाकी–कारिवा परमाणु संयंत्र के सभी सात रिएक्टर मार्च 2011 में जापान के उत्तर–पूर्वी तट पर स्थित फुकुशिमा दाइची संयंत्र में भीषण भूकंप और सुनामी आने के एक साल बाद से बंद पड़े हैं। उस हादसे में रिएक्टर पिघल गए थे और रेडियोधर्मी पदार्थों के भारी रिसाव से आसपास की जमीन इतनी दूषित हो गई कि कुछ इलाके आज भी रहने योग्य नहीं हैं। टीईपीसीओ अभी भी अपनी छवि को हुए नुकसान से उबरने की कोशिश कर रही है।



## ऑफ बीट

### टैटू इंक में मिला भारी मात्रा में लेड और विषैली धातु

अध्ययन में पाया गया, टैटू की स्याही को जीवित ऊतक में डाला जाता है और यह मूल रूप से स्थायी रहने के लिए डिज़ाइन किया गया है। शरीर में मौजूद पिगमेंट समय के साथ घुल सकते हैं, लिम्फ सिस्टम में फैल सकते हैं या धीरे–धीरे टूट सकते हैं। यूरोप में टैटू की स्याही की सुरक्षा पर मार्गदर्शन पिछले दशक से उपलब्ध है और 2022 से यूरोपीय संघ ने इस स्याही में धातु जैसे आर्सेनिक, कैडमियम और लेड तथा कुछ ऑर्गेनिक यौगिकों की सीमा तय की है। ऑस्ट्रेलिया में राष्ट्रीय स्तर पर ऐसा कोई नियामक ढांचा नहीं है। यहां टैटू की स्याही की नियमित निगरानी नहीं होती और उपभोक्ताओं के पास सीमित जानकारी उपलब्ध है। अध्ययन में 15 प्रमुख अंतरराष्ट्रीय ब्रांड की काली और रंगीन टैटू की स्याही का विश्लेषण किया गया। परिणाम दिखाते हैं कि हर स्याही में कम से कम एक यूरोपीय सुरक्षा मानक का उल्लंघन था। इसमें आर्सेनिक, कैडमियम, क्रोमियम और लेड जैसी विषैले धातुएं शामिल थीं। कुछ स्याही में एरोमैटिक अमाइन जैसी ऑर्गेनिक यौगिक भी पाए गए, जिन्हें यूरोप में उनके कैंसरजनक होने के कारण प्रतिबंधित किया गया है। विशेष रूप से, काली स्याही में धातुओं की व्यापक श्रृंखला पाई गई, जबकि चमकीले रंग की स्याही में कुछ विशेष धातुओं की उच्च मात्रा थी।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




# अभिषेक की धमाकेदार पारी, भारत ने न्यूजीलैंड को 48 रन से हराया

## टी-20 : रिंकू ने खेली 44* रन की शानदार पारी

**नागपुर (भाषा)।** भारत ने सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की 35 गेंद में 84 रन की धमाकेदार पारी से बुधवार को यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ 48 रन से जीत दर्ज की। इस तरह पांच मैच की सीरीज में भारत 1-0 से आगे हो गया।

टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज अभिषेक ने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों पर कोई रहम नहीं दिखाया और उनकी खूब धुनाई करते हुए अपनी पारी में आठ छक्के और पांच चौके लगाए। रिंकू सिंह ने अंत में 20 गेंद में नाबाद 44 रन बनाए। इससे भारत ने सात विकेट पर 238 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड ने एक रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। ग्लेन फिलिप्स (78 रन) के अर्धशतक के बावजूद टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 190 रन ही बना सकी। भारत ने हालांकि इस दौरान न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों को आउट करने के कई मौके गंवाए। लेकिन बड़ा स्कोर होने से भारत को जीत दर्ज करने में परेशानी नहीं हुई। अर्शदीप सिंह (31 रन देकर एक विकेट) ने भारत को शानदार शुरुआत कराई और पारी की दूसरी ही गेंद पर डेवोन कॉनवे को विकेटकीपर संजू सैमसन के हाथों कैच आउट कराया। दूसरे ओवर में हार्दिक पंड्या (20 रन देकर एक विकेट) ने रचिन रविंद्र को आउट किया जिससे



न्यूजीलैंड ने एक रन पर दो विकेट गंवा दिए। टिम रॉबिन्सन (21) सातवें ओवर में वरुण चक्रवर्ती (37 रन देकर दो विकेट) की गेंद पर पवेलियन लौट गए। फिलिप्स और मार्क चैपमैन (39 रन) ने मिलकर 42 गेंद में 79 रन जोड़े। लेकिन अक्षर पटेल (42 रन देकर एक विकेट) ने 14वें ओवर में भारत को फिलिप्स का अहम विकेट दिलाया जिन्हें लॉग ऑन पर शिवम दूबे ने कैच आउट किया। दूबे ने डेरिल मिचेल (28 रन) और क्रिस्टियन क्लार्क (शून्य) के विकेट लिए। सैंटनर 20 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले अभिषेक और कप्तान सूर्यकुमार यादव (32 रन, 22 गेंद) ने तीसरे विकेट के लिए 47 गेंद में 99 रन की साझेदारी की। अंत में रिंकू ने नाबाद पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाए। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद भारत ने संजू सैमसन (10 रन) और ईशान किशन (08) के तौर पर जल्दी विकेट गंवा दिए।

### भारत- 238

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| सैमसन का रचिन रविंद्र बो जैमीसन | 10 |
| अभिषेक शर्मा का जैमीसन बो सोढी | 84 |
| ईशान किशन का चैपमैन बो डफी | 08 |
| यादव का रॉबिन्सन बो सैंटनर | 32 |
| हार्दिक पंड्या का चैपमैन बो डफी | 25 |
| शिवम दूबे का एवं बो जैमीसन | 09 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 44 |
| पटेल का मिचेल बो क्लार्क | 05 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 06 |

अतिरिक्त : 14
कुल : 20 ओवर में सात विकेट पर 238 रन
विकेट पतन : 1-18, 2-27, 3-126, 4-149, 5-166, 6-185, 7-209
गेंदबाजी : जैकब डफी 4-0-27-2, काइल जैमीसन 4-0-54-2, क्रिस्टियन क्लार्क 4-0-40-1, ईश सोढी 3-0-38-1, ग्लेन फिलिप्स 1-0-20-0, मिचेल सैंटनर 3-0-37-1, डेरिल मिचेल 1-0-21-0

### न्यूजीलैंड -190

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| कॉनवे का सैमसन बो अर्शदीप | 00 |
| रॉबिन्सन का शिवम बो चक्रवर्ती | 21 |
| रचिन रविंद्र का अभिषेक बो हार्दिक | 01 |
| ग्लेन फिलिप्स का दूबे बो पटेल | 78 |
| चैपमैन का अभिषेक बो चक्रवर्ती | 39 |
| मिचेल का सब (बिश्नोई) बो दूबे | 28 |
| मिचेल सैंटनर नाबाद | 20 |
| क्लार्क का रिंकू सिंह बो दूबे | 00 |
| काइल जैमीसन नाबाद | 01 |

अतिरिक्त : 02
कुल : 20 ओवर में सात विकेट पर 190 रन
विकेट पतन : 1-0, 2-1, 3-52, 4-131, 5-143, 6-189, 7-189
गेंदबाजी : अर्शदीप सिंह 4-0-31-1, हार्दिक पंड्या 2-0-20-1, जसप्रीत बुमराह 3-0-29-0, अक्षर पटेल 3.3-0-42-1, वरूण चक्रवर्ती 4-0-37-2, शिवम दूबे 3-0-28-2, अभिषेक शर्मा 0.3-0-3-0

## खबर संक्षेप

### याग्निक बने केकेआर के फील्डिंग कोच

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2026 के सत्र से पहले पूर्व विकेटकीपर



बल्लेबाज दिशांत याग्निक को अपनी टीम का फील्डिंग कोच नियुक्त किया। केकेआर ने कहा कि याग्निक के व्यापक अनुभव का टीम को फायदा मिलेगा। केकेआर ने कहा, 'याग्निक अपने साथ भरपूर अनुभव और फील्डिंग में उत्कृष्टता की गहरी समझ लेकर केकेआर में शामिल होंगे। फ्रेंचाइजी आईपीएल में नए सहायक स्टाफ के साथ उतरेगी, जिसमें अभिषेक नायर (मुख्य कोच) के अलावा डेरेन ब्रावो (मेंटोर-मार्गदर्शक), शेन वॉटसन (सहायक कोच), टिम साउदी (गेंदबाजी कोच) और आंद्रे रसेल (पावर कोच) शामिल हैं।'

### पंड्या के बिना अधूरी भारतीय टीमः चोपड़ा

**नई दिल्ली।** पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने हार्दिक पंड्या की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि इस



ऑलराउंडर के बिना भारतीय टीम अधूरी है। भारत टी20 विश्व कप से पहले क्रिकेट के इस सबसे छोटे प्रारुप में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैच की श्रृंखला खेलेगा। विश्व कप में भारत के खिताब बचाने के अभियान में हार्दिक की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। चोपड़ा ने कहा कि भारतीय टीम में हार्दिक का कोई सानी नहीं है। उन्होंने कहा, 'हार्दिक पंड्या के बिना भारतीय टीम अधूरी है।

### ईटीपीएल में फ्रेंचाइजी के मालिक बने वॉ, मैक्सवेल

**सिडनी।** यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) ने आस्ट्रेलिया के क्रिकेट स्टार स्टीव वॉ और ग्लेन मैक्सवेल के साथ हॉकी स्टार जैमी



ड्वायेर के फ्रेंचाइजी मालिक के रूप में जुड़ने की घोषणा की। वैश्विक बहु देश फ्रेंचाइजी लीग ईटीपीएल बालीवुड स्टार अभिषेक बच्चन ने शुरू की है, जिसे आईसीसी से मान्यता प्राप्त है। इसे नीदरलैंड, आयरलैंड और स्कॉटलैंड क्रिकेट बोर्ड का समर्थन हासिल है। लीग पिछले साल शुरू की गई थी लेकिन छह टीमों का यह टूर्नामेंट इस साल खेला जाएगा, जिसमें 34 मैच होंगे।

### रणजी ट्रॉफी : पंजाब की टीम से खेलेंगे शुभमन



**राजकोट।** शुभमन गिल गुरुवार से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे चरण में आकर्षण का केंद्र होंगे। गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के बाद विश्राम लेने के बजाय पंजाब की तरफ से सौराष्ट्र के खिलाफ होने वाले ग्रुप बी के महत्वपूर्ण मैच में खेलने का फैसला किया। न्यूजीलैंड के हाथों वनडे श्रृंखला में भारत की 1-2 से अप्रत्याशित हार के बाद गिल सीधे राजकोट पहुंच गए थे, जहां उनका सौराष्ट्र के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा से दिलचस्प मुकाबला हो सकता है।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन: कोको गाफ और अल्काराज की तीसरे दौर में एंट्री

# सबालेंका ने जीता अपना 25वां सिंगल, चीनी खिलाड़ी को हराकर तीसरे राउंड में बनाई जगह

### एरिना ने की झूओक्सुआन पर 6-3, 6-1 से जीत दर्ज

एजेंसी ▸▸ मेलबर्न

दुनिया की शीर्ष तीन महिला टेनिस खिलाड़ियों में से दो एरिना सबालेंका और कोको गाफ आस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गई। वहीं पुरुष वर्ग में कार्लोस अल्काराज भी तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। सबालेंका ने अपनी 25वीं एकल मैच जीत दर्ज की और 2000 के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाली छठी महिला खिलाड़ी बन गई है। सबालेंका ने चीनी क्वालिफायर बाई झूओक्सुआन को 6-3, 6-1 से हराकर तीसरे राउंड में जगह बनाई। मैच की शुरुआत में बाई ने पेस बनाने में कठिनाई महसूस की और 15 मिनट में 0-5 से पीछे हो गईं। हालांकि, उन्होंने दो एस के जरिए अपनी स्थिति सुधारने की कोशिश की और शुरुआती सेट में सबालेंका की पकड़ थोड़ी कमजोर हुई। बाई ने तीसरे गेम में तीन ब्रेक पॉइंट बचाए, लेकिन विश्व नंबर 1 ने अपनी मजबूती बनाए रखी और सेट जीत लिया। दूसरे राउंड में सबालेंका ने 4-0 से बढ़त बनाई और अंततः मैच जीतकर तीसरे राउंड में जगह पक्की की। अब उनका मुकाबला 28वीं सीड एम्मा राडुकानू या अनास्तासिया पोटापोवा से होगा।



#### एरिना ने दर्ज की लगातार 7वीं जीत

*एरीना सबालेंका ने अपनी 25वीं एकल मैच जीत दर्ज की और 2000 के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाली छठी महिला खिलाड़ी बन गईं। इससे पहले सेरेना विलियम्स, लिंडसे डेवनपोर्ट, जस्टिन हेनिन, ऐश बार्टी और इगा स्वियाटेक इस मुकाम तक पहुंच चुकी हैं। दो बार की ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन सबालेंका ने लगातार सातवीं जीत दर्ज की और 2026 का सीजन आसानी से शुरू किया। वह लगातार छठे साल तीसरे राउंड तक पहुंच रही हैं। इसके अलावा, उनके दूसरे राउंड के मैचों में भी उनका रिकॉर्ड 7-0 है।*



#### भांबरी और गोरानसन की शानदार शुरुआत

भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी युकी भांबरी और स्वीडन के उनके जोड़ीदार आंद्रे गोरानसन ने सीधे सेटों में आसान जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। भांबरी और गोरानसन की दसवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने कोर्ट नंबर 13 पर 57 मिनट तक चले मुकाबले में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले ऑस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ और क्रूज़ हेविट को 6-3 6-4 से हराया। भारत और स्वीडन की जोड़ी ने शुरू से ही शानदार प्रदर्शन किया। अगर प्रतिशत के आंकड़ों पर गौर करें तो भांबरी और गोरानसन ने अपनी पहली सर्विस पर 97 प्रतिशत अंक जीते। दूसरी सर्विस पर अंक हासिल करने में भी उनका प्रदर्शन उतना ही प्रभावशाली रहा, जिसमें उन्होंने 91 प्रतिशत अंक जीते। भांबरी और गोरानसन ने अपने प्रतिद्वंद्वियों की सर्विस को दो बार तोड़ा और पूरे मैच में एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं किया, जिससे वे पूरे समय नियंत्रण बनाए रखने में सफल रहे।

## टाटा स्टील मास्टर्स

# गुकेश ने लगातार चौथी बार खेली ड्रॉ बाजी

एजेंसी ▸▸ विज्क आन जी



विश्व चैंपियन डी गुकेश ने हमवतन आर प्रज्ञानंदा के साथ अंक बांटकर टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में लगातार चौथी बाजी ड्रॉ खेली जबकि अर्जुन एरिगैसी भी अनीश गिरी के डिफेंस को नहीं तोड़ सके।

प्रज्ञानंदा का इस टूर्नामेंट में सफर अभी तक अच्छा नहीं रहा है। उन्हें दो बाजियों में हार का सामना करना पड़ा जबकि दो बाजी ड्रॉ खेली। वह गिरी के साथ तालिका में सबसे नीचे हैं। भारत के एक अन्य खिलाड़ी अरविंद चिदंबरम को अमेरिकी खिलाड़ी हैंस मोके नीमन के हाथों अपनी पहली हार का सामना करना पड़ा, जबकि नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने चेक गणराज्य के खिलाड़ी दाई वान गुयेन को पराजित किया। अब्दुसत्तोरोव और नीमन चार में से तीन अंकों के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर हैं, जबकि अर्जुन एरिगैसी, उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव और नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरस्ट उनके ठीक पीछे हैं। सिंदारोव ने जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम को हराया।

### लिजेले ली पर डब्ल्यूपीएल ने लगाया जुर्माना

**वडोदरा।** दिल्ली कैपिटल्स की विकेटकीपर लिजेले ली पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमेरिट अंक लगाया गया। डब्ल्यूपीएल ने कहा, 'ली ने आचार संहिता की धारा 2.2 के तहत लेवल एक का अपराध स्वीकार कर लिया है, जो मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण के अनादर को लेकर है। इसके लिए मैच रैफरी का फैसला अंतिम और सर्वमान्य होता है।' यह घटना दिल्ली की पारी के 11वें ओवर की थी जब ली को तीसरे अंपायर के रिव्यू के बाद 46 के स्कोर पर स्टंप आउट करार दिया गया। फैसले से नाखुश ली ने बाद में पुरस्कार समारोह में कहा, ' विकेटकीपर ने अच्छा काम किया लेकिन मुझे इसके बारे में इतना ही कहना है।'

## पीसीबी ने किया बांग्लादेश का समर्थन, मैचों की मेजबानी की पेशकश

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सुरक्षा कारणों से भारत में टी20 विश्व कप खेलने से बांग्लादेश के इनकार का समर्थन किया है और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को भेजे गए एक पत्र में बांग्लादेश के मैचों की मेजबानी करने की पेशकश की है। बांग्लादेश को ग्रुप चरण के चारों मैच भारत में खेलने हैं, जिनमें से पहले तीन कोलकाता में और एक मुंबई में होना है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने हालांकि अपनी सरकार के समर्थन से भारत जाने से इनकार किया है और उसके मैच श्रीलंका में कराने की मांग की है। पीसीबी के एक सूत्र ने बताया, 'पीसीबी ने ईमेल में कहा है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की मांग जायज है और इसे स्वीकार किया जाना चाहिए और अगर बांग्लादेश के मैचों को श्रीलंका में स्थानांतरित करने में कोई समस्या आती है तो पाकिस्तान उसके सभी मैचों की मेजबानी करने के लिए तैयार है।' आईसीसी और बीसीबी के बीच इस मसले पर कई बार बात हो चुकी है लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला। आईसीसी का कहना है कि टूर्नामेंट निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगा जबकि बीसीबी भारत टीम नहीं भेजने पर अड़ा है। पीसीबी ने इस मसले पर कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया है लेकिन बोर्ड के सूत्रों ने कहा कि बांग्लादेश सरकार ने आईसीसी में सहयोग के लिए पाकिस्तान से संपर्क किया था।

# इंडोनेशिया मास्टर्स : सिंधू, लक्ष्य, श्रीकांत और अनमोल दूसरे दौर में

**जकार्ता (भाषा)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू, लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत बुधवार को यहां इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बाद दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहे। पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधू ने महिला एकल के पहले दौर के मैच में जापान की मनामी सुइजु पर 53 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 22-20 21-18 से जीत दर्ज की। वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 33वें स्थान पर काबिज श्रीकांत ने एक कड़े मुकाबले में जापान के विश्व में नंबर 22 कोकी वातानाबे को एक घंटे 12 मिनट में 21-15, 21-23, 24-22 से हराया। अब उनका मुकाबला चौथे वरीयता प्राप्त चोउ तिएन चेन से होगा, जिन्होंने आयरलैंड के



न्हाट गुयेन को 21-14, 21-15 से हराया। सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य ने अपने अभियान की शुरुआत पहले दौर में चीनी ताइपे के वांग त्जु वेई पर 21-13 16-21 21-14 की जीत के साथ की। उनका अगला मुकाबला हांगकांग के जेसन गुनावन से होगा। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में अनमोल खरब ने चीनी ताइपे के पाई यू पो पर सीधे गेम में 21-16, 21-17 से जीत दर्ज कर दूसरे दौर में प्रवेश किया। हालांकि आयुष शेट्टी, एचएस प्रणय और किरण जॉर्ज पहले ही दौर में बाहर हो गए। आयुष को आठवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के अलवी फरहान से 8-21, 13-21 से और किरण को इंडोनेशिया के मोह जकी उबैदिल्ला से 17-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। प्रणय को केवल 35 मिनट तक चले मैच में मलेशिया के ली जी जिया ने 19-21, 11-21 से बाहर का रास्ता दिखाया। महिला एकल में मालविका बंसोड़ को 37 मिनट तक चले मैच में कनाडा की छठी वरीयता प्राप्त मिशेल ली से 21-23, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा।

## कोहली को पछाड़ कर मिचेल बने नंबर वन बल्लेबाज

**दुबई।** न्यूजीलैंड के आक्रामक बल्लेबाज डेरिल मिचेल ने हाल में संपन्न श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली को ताजा आईसीसी वनडे बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष स्थान से हटा



दिया। न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ यह श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की थी। इस तरह उसने भारतीय सरजमीं पर पहली बार वनडे श्रृंखला जीतकर 37 साल का इंतजार खत्म किया था। मिचेल ने इस श्रृंखला में दो शतक लगाए और 34 वर्षीय यह बल्लेबाज मात्र 54 वीं पारी में सबसे तेज नौ वनडे शतक पूरे करने वाले चौथे पुरुष खिलाड़ी बन गए। केवल इमाम - उल - हक (48), हाशिम अमला (52) और क्विंटन डिकॉक (53) ही उनसे आगे हैं। आईसीसी ने कहा, '845 रैंकिंग अंक के साथ मिचेल ने कोहली (795 अंक) की जगह ली है, जो अब दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। दोनों बल्लेबाजों के बाद इब्राहिम जदरान , रोहित शर्मा , शुभमन गिल और बाबर आजम मौजूद हैं।' यह दूसरी बार है जब मिचेल ने वनडे क्रिकेट में शीर्ष रैंकिंग हासिल की है। इससे पहले वह पिछले साल नवंबर में सिर्फ तीन दिन के लिए शीर्ष पर रहे थे।


## डिमांड नोटिस

चूंकि परिसम्पत्ति पुनर्निर्माण कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड (नीचे वर्णित ट्रस्टों के लिए ट्रस्टी के तौर पर क्षमता में कार्य करते हुए) (यहां इसके पश्चात "एआरसीआईएल" के रूप में संदर्भित) कम्पनी अधिनियम 1956 के तहत निगमित और प्रतिभूति हित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण (यहां इसके पश्चात "दि सरफेसी एक्ट" के रूप में संदर्भित) के भारतीय रिजर्व बैंक के पास एक परिसम्पत्ति पुनर्निर्माण कम्पनी के रूप में पंजीकृत है, का प्राधिकृत अधिकारी और चूंकि नीचे वर्णित चार्ट के कॉलम सं. 2 में वर्णित अनुसार कर्जदार/सह-कर्जदारों ने आईआईएफएल-होम फाइनेंस लि. मूल ऋणदाता से ऋण प्राप्त किया और एआरसीआईएल ने सर्फेसी एक्ट के तहत सिक्योर्ड क्रेडिटर के नाते यहां नीचे वर्णित ऋण अकाउंट्स के सम्बन्ध में वित्तीय परिसम्पत्तियों का अधिग्रहण किया और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 2 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, डिमांड नोटिस जारी किया जिसमें सूचना की तिथि से 60 दिन के अंदर सूचनाओं में वर्णित राशि सहित उन पर आगे के ब्याज का पुनर्भुगतान करने के लिए यहां नीचे वर्णित अनुसार कर्जदारों/सह-कर्जदारों का आह्वान किया, परन्तु उन नोटिसों में से कुछ की विभिन्न कारणों की वजह से तामिल नहीं हो सकी। **ट्रस्ट का नाम : एआरसीआईएल-ट्रस्ट-2026-015**

| कर्जदार(ों)/गारंटर(ों) के नाम | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन |
|---|---|---|
| श्री दीपक श्री रमेश कुमार श्रीमती पूजा श्रीमती पुष्पा रानी (प्रोस्पेक्ट नं. 857662) | 06-जन.-2026, रु. 900014.09/- (रुपये नौ लाख चौदह और नौ पैसे केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- मोती नगर, निकट ओल्ड मुगल कैनाल, करनाल, तहसील व जिला करनाल में स्थित खेवट नं. 3707/3390, खसरा नं. 13002/8989 13003/8989 13004/8989 13005/8989, किते 4, रकबा 4 बीघे 14 बिस्वे इसका 2-3/50/94 हिस्सा अर्थात 2-3/50 बिस्वते में निहित सम्पत्ति प्लॉट, माप 2 3/50 बिस्वा // 103 132001 क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Area_Admeasuring, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 927 |
| श्री कृष्ण कुमार श्री सन्नी श्रीमती रानी देवी (प्रोस्पेक्ट नं. 889492) | 06-जन.-2026, रु. 2196286.49/- (रुपये इक्कीस लाख छियानवे हजार दो सौ छियासी और उनंचास पैसे केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- पट्टी इंसार पानीपत, तहसील व जिला पानीपत में स्थित खेवट नं. 1137 मिन, खतौनी नं. 1576, खसरा नं. 797 (2-8), 798 (3-0), 799 (3-3), 800 (0-17), रकबा 9 बीघे 8 बिस्वा, इसका 46/3760 हिस्सा अर्थात 2 बिस्वा 6 बिस्वासी में निहित सम्पत्ति प्लॉट/भूमि, माप 2 बिस्वे 6 बिस्वा // 114 वर्ग गज 132103 क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1026.00, 1877.00 |
| श्री शमशेर शमशेर डेयरी फार्म श्री सत्यवान श्रीमती भतेरी (प्रोस्पेक्ट नं. 985024) | 05-जन.-2026, रु. 2155720.38/- (रुपये इक्कीस लाख पचपन हजार सात सौ बीस और अड़तीस पैसे केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- नारा तहसील खेड़ी जलाब जिला हिसार 125039 में स्थित खेवट नं. 234 मिन, खाता नं. 347 से 352, किते 16 और खेवट नं. 234 मिन खाता नं. 347 से 352, किते 16 में निहित क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 16560.00, 1050.00 |
| श्रीमती कमलेश कमलेशओर्ग श्री गौरव कुमार (प्रोस्पेक्ट नं. IL10090370) | 06-जन.-2026, रु. 1346074.15/- (रुपये तेरह लाख छियालीस हजार चौहत्तर और पन्द्रह पैसे केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- बहादुरगढ़ सेक्टर-7, हरियाणा 124507 में टेनामेंट नं. 345/ईडब्ल्यूएस, क्षेत्रफल माप 20.22 वर्ग गज हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Area_Admeasuring, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 182 |

इसलिए सूचना के प्रकाशन के 60 दिन के अंदर, सम्बन्धित कर्जदार/सह-कर्जदार के विरुद्ध, यहां ऊपर दर्शाये अनुसार कुल बकाया राशि का भुगतान करने के लिए उनका आह्वान करते हुए, यहां ऊपर वर्णितानुसार कर्जदारों/सह-कर्जदारों को नोटिस दिया जाता है। सम्बन्धित कर्जदार/सह-कर्जदार द्वारा आगे के ब्याज सहित कुल बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहने पर, एआरसीआईएल ऊपर वर्णित अनुसार सम्पत्तियों पर प्रतिभूति हित के प्रवर्तन के लिए धारा 13(4) के तहत कार्यवाही करने के लिए बाध्य होंगे, अधिनियम और यहां इनके तहत बनाए गए नियमों के अन्तर्गत निर्धारित अनुसार अन्य तरीकों से सूचना की तामिल के लिए कदम भी उठाए जा रहे हैं। आपको नोटिस दिया जाता है कि सरफेसी एक्ट की धारा 13 (8) में वर्णित अनुसार बिक्री द्वारा हस्तांतरण के लिए निजी सन्धि अथवा सार्वजनिक नीलामी के लिए सूचना के प्रकाशन की तिथि से पूर्व किसी भी समय सम्पूर्ण देय राशि के साथ-साथ लागत, परिव्यय और एआरसीआईएल द्वारा किए गए व्यय के भुगतान करने पर उक्त गिरवी को छुड़ाया जा सकता है। ध्यान दें कि सरफेसी एक्ट की एस-13 (13) के सम्बन्ध में, आपको बिक्री द्वारा, लीज अथवा किसी अन्य तरीके से प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के साथ डीलिंग और/अथवा हस्तांतरण करने से एतद द्वारा निषेध किया जाता है।

स्थान : हरियाणा दिनांक : 22.01.2026
हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, परिसम्पत्ति पुनर्निर्माण कम्पनी (इंडिया) लि. (ट्रस्टी के तौर पर क्षमता में)

**परिसम्पत्ति पुनर्निर्माण कम्पनी (इंडिया) लि.** CIN No.-U65999MH2002PLC134884
पंजीकृत कार्यालय : दि रूबी, 10वां तल, 29 सेनापति बापत मार्ग, दादर (पश्चिम), मुम्बई-400028, Tel: +91 2266581300. Website: www.arcil.co.in



## यात्रीगण कृपया ध्यान दें!

**कामाख्या जं. एवं रोहतक जं. के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी का शुभारम्भ**

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा कामाख्या जं. एवं रोहतक जं. स्टेशनों के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस सेवा रेलगाड़ी सं. 15671/15672 शुरू की गई है। रेल सेवा की समय-सारणी निम्नानुसार है:-

रेलगाड़ी सं. 15671/15672 कामाख्या जं. - रोहतक जं. - कामाख्या जं. अमृत भारत एक्सप्रेस (साप्ताहिक)

| गाड़ी सं. 15671 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 15672 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 22:00 | कामाख्या जं. | 12:35 | --- |
| 22:38 | 22:43 | रंगिया जं. | 10:00 | 10:05 |
| 23:25 | 23:27 | बरपेटा रोड | 09:00 | 09:02 |
| 23:55 | 00:05 | न्यू बंगाईगाँव | 08:15 | 08:25 |
| 01:00 | 01:02 | कोकराझार | 07:33 | 07:35 |
| 02:20 | 02:25 | न्यू कोच बिहार | 06:05 | 06:10 |
| 05:10 | 05:20 | न्यू जलपाईगुड़ी | 04:10 | 04:20 |
| 06:25 | 06:27 | किशनगंज | 02:30 | 02:32 |
| 07:15 | 07:17 | बारसोई जं. | 01:40 | 01:42 |
| 09:20 | 09:30 | कटिहार जं. | 00:30 | 00:40 |
| 10:23 | 10:25 | नवगछिया | 22:48 | 22:50 |
| 11:30 | 11:32 | मानसी जं. | 21:35 | 21:37 |
| 11:43 | 11:45 | खगड़िया जं. | 21:23 | 21:25 |
| 12:23 | 12:25 | बेगूसराय | 20:36 | 20:38 |
| 13:10 | 13:20 | बरौनी जं. | 20:10 | 20:20 |
| 15:15 | 15:20 | हाजीपुर | 18:40 | 18:45 |
| 15:28 | 15:30 | सोनपुर | 18:28 | 18:30 |
| 17:20 | 17:30 | छपरा | 17:00 | 17:10 |
| 18:30 | 18:35 | बलिया | 14:35 | 14:40 |
| 19:50 | 19:55 | गाज़ीपुर सिटी | 13:35 | 13:40 |
| 20:58 | 21:00 | औंडिहार जं. | 12:50 | 12:52 |
| 22:55 | 23:05 | वाराणसी | 12:00 | 12:10 |
| 23:20 | 23:22 | ज्ञानपुर रोड | 10:48 | 10:50 |
| 01:20 | 01:22 | प्रयागराज रामबाग | 10:00 | 10:02 |
| 01:35 | 01:40 | प्रयागराज जं | 09:20 | 09:25 |
| 04:05 | 04:10 | गोविंदपुरी | 06:25 | 06:30 |
| 06:55 | 06:57 | टूण्डला जं. | 02:50 | 02:52 |
| 11:44 | 11:46 | गाजियाबाद | 00:41 | 00:43 |
| 13:00 | 13:10 | दिल्ली जं | 23:55 | 00:05 |
| 13:54 | 13:56 | बहादुरगढ़ | 22:38 | 22:40 |
| 14:45 | ----- | रोहतक जं. | ----- | 22:10 |

**चलने के दिन:** **15671** कामाख्या जं. से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 30.01.2026 से एवं **15672 रोहतक जं.** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 01.02.2026 से।

**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

218/2026
पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा—हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28




## यूरोप हमें बस एक बर्फ का टुकड़ा नहीं दे रहा

# ग्रीनलैंड पर नियंत्रण के लिए बल प्रयोग नहीं करेंगे : ट्रंप

एजेंसी ⏭ दावोस

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को विश्व आर्थिक मंच की बैठक में अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि वह ग्रीनलैंड को हासिल करने के लिए बल का प्रयोग नहीं करेंगे। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका तेजी से तरक्की कर रहा है, लेकिन यूरोप 'सही दिशा में आगे नहीं बढ़ रहा है'। ट्रंप ने उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में सहयोगी डेनमार्क से ग्रीनलैंड का नियंत्रण हासिल करने की इच्छा जताई है। उनकी यह महत्वाकांक्षा अमेरिका के कई करीबी सहयोगियों के साथ संबंधों को खराब करने का खतरा पैदा कर रही है। ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जे के प्लान को दुनिया के सामने सही ठहराया है। उन्होंने बुधवार को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) में कहा कि ग्रीनलैंड की सुरक्षा अमेरिका के अलावा कोई और देश नहीं कर सकता। हालांकि पहली बार ट्रम्प ने यह कहा कि ग्रीनलैंड को हासिल करने के लिए अमेरिका ताकत का इस्तेमाल नहीं करेगा।

**डेनमार्क एहसान फरामोश, सोमालिया के लोग मंदबुद्धि**

### मोदी की जमकर तारीफ



⏭ ट्रंप ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के लिए बहुत सम्मान है। वे फैंटास्टिक व्यक्ति हैं और मेरे अच्छे दोस्त हैं। उन्होंने भारत के साथ शानदार व्यापार समझौते पर भरोसा जताया।

⏭ ट्रंप ने दावा किया कि यूक्रेन युद्ध खत्म करने की डील के करीब है। पुतिन-जेलेंस्की डील चाहते हैं। अगर वे ऐसा नहीं करते, तो वे मूर्ख हैं। मैं जानता हूं कि वे मूर्ख नहीं हैं, लेकिन अगर डील नहीं हुई तो वे मूर्ख हैं।

### ईयू-और ट्रेड डील पर वोटिंग रुकी

⏭ यूरोपीय संसद की ट्रेड कमेटी यूरोपीय संसद के एक अहम समूह ने ट्रम्प के भाषण के बाद अमेरिका-यूरोप व्यापार समझौते को मंजूरी देने पर होने वाली वोटिंग रोक दी।

### आज दावोस में जेलेंस्की से मिलेंगे ट्रम्प

ट्रम्प ने कहा कि वे आज दावोस में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा- मुझे लगता है कि जेलेंस्की और पुतिन दोनों ही लगभग चार साल से चल रहे युद्ध को खत्म करना चाहते हैं। ट्रम्प ने यह भी कहा कि वह पुतिन से भी बातचीत कर रहे हैं।

### अमेरिका की दादागीरी दुनिया में नहीं चलेगी अब : कनाडा



दावोस में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति और वैश्विक व्यवस्था को लेकर एक बेहद सख्त और चौंकाने वाला आकलन पेश किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका के नेतृत्व वाला ग्लोबल रूल बेस्ड सिस्टम अब प्रभावी रूप से खत्म हो चुका है और पुरानी व्यवस्था की वापसी संभव नहीं है। मैं सीधे शब्दों में कहूंगा। हम किसी संक्रमण के दौर में नहीं, बल्कि एक गहरे टूटन के दौर में हैं। पुराना वैश्विक ऑर्डर वापस नहीं आने वाला' उनका यह बयान उस मंच से आया, जहां दुनिया के सबसे ताकतवर नेता, उद्योगपति और नीति निर्माता मौजूद थे।

### डेनमार्क के सांसद ने दी ट्रंप को गाली, बोले ऐसी ही भाषा समझते हैं अमेरिकी राष्ट्रपति



एंडर्स विस्टिसेन ने सत्र के दौरान कहा, 'मैं इसे उन शब्दों में कहता हूं जो शायद आप समझें- 'मिस्टर प्रेसिडेंट, भाड़ में जाओ।' डोनाल्ड ट्रंप ने हाल के दिनों में कई बार कहा है कि ग्रीनलैंड अमेरिकी हितों के लिए रणनीतिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने तर्क दिया है कि अमेरिका को रूस और चीन के संभावित प्रभाव का मुकाबला करने के लिए आर्कटिक द्वीप पर अधिक नियंत्रण की आवश्यकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने धमकी भी दी है कि अमेरिका के कब्जे का विरोध करने वाले यूरोपीय सहयोगियों के खिलाफ 1 फरवरी से 10 प्रतिशत का टैरिफ लगाया जाएगा।

# दावोसः आईएमएफ ने भारत को बताया सेकंड टियर 'एआई पावर', भारत ने सुनाई खरी-खरी

*दावोस में चल रहे डब्ल्यूईएफ में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आईएमएफ चीफ को करारा जवाब दिया। आईएमएफ चीफ ने भारत की प्रगति पर सवाल उठाए थे, जिस पर वैष्णव ने कहा कि आपकी जानकारी गलत है।*

**दावोस(एजेंसी)।** 21 जनवरी 2026 को केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दावोस में इंटरनेशनल मॉनेट्री फंड (आईएमएफ) की चीफ क्रिस्टालिना जॉर्जिएवा के बयान का करारा जवाब दिया है। आईएमएफ प्रमुख ने भारत को सेकंड-टीयर एआई पावर बताया था, लेकिन वैष्णव ने इसे सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि भारत फर्स्ट ग्रुप में है। यह बात वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) दावोस 2026 के एक पैनल डिस्कशन में हुई, जहां एआई के वैश्विक प्रभाव पर चर्चा हो रही थी। वैष्णव ने आगे कहा, 'रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट (आरओआई) बहुत बड़े मॉडल बनाने से नहीं आता। 95% काम 20-50 बिलियन पैरामीटर वाले मॉडल से हो जाता है। भारत ऐसे कई मॉडल बना चुका है और विभिन्न सेक्टरों में डिप्लॉय कर रहा है, जिससे प्रोडक्टिविटी, एफिशिएंसी और टेक्नोलॉजी का बेहतर इस्तेमाल हो रहा है। अश्विनी वैष्णव ने कहा, 'एप्लिकेशन लेयर में भारत दुनिया को सबसे बड़ा सर्विस प्रोवाइडर बनेगा. एंटरप्राइज के बिजनेस को समझकर एआई एप्लिकेशन से सर्विस देगा, यहीं से सबसे ज्यादा आरओआई आएगा। भारत का फोकस एआई को बड़े पैमाने पर डिफ्यूज (फैलाने) पर है, न कि सिर्फ स्केल पर। वैष्णव ने व्यावहारिक डिप्लॉयमेंट पर फोकस किया, जहां भारतीय कंपनियां बिजनेस ऑपरेशंस समझकर एआई सॉल्यूशंस देती हैं।

**दुनिया की तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में इस प्रगति को जोड़ रहा भारत**

**रेल मंत्री वैष्णव ने व्यावहारिक डिप्लॉयमेंट पर किया फोकस**

### आईएमएफ चीफ ने कहा भारत एआई में डेनमार्क से पीछे



क्रिस्टालिना जॉर्जिएवा ने पैनल में कहा था कि अमेरिका, डेनमार्क और सिंगापुर जैसे देश एआई में टॉप ग्रुप में हैं। भारत को उन्होंने दूसरे ग्रुप में रखा, यानी सेकंड-टीयर एआई पावर। उन्होंने भारत की आईटी पर लंबे समय से निवेश की तारीफ की, लेकिन कहा कि एआई में भारत अभी आगे नहीं है। बाद में उन्हे लगा होगा कि भारत के बारे में जो कहा कि वो शायद सही नहीं था।

### वैष्णव बोले- एआई टैलेंट में भारत का दुनिया में है तीसरा स्थान



वैष्णव ने सीधे आईएमएफ चीफ को संबोधित करते हुए कहा, 'मुझे नहीं पता आईएमएफ का क्राइटेरिया क्या है, लेकिन स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी ने भारत को एआई पेनेट्रेशन, एआई प्रीप्रेडनेस और एआई टैलेंट में दुनिया में तीसरा स्थान दिया है। एआई टैलेंट में तो दूसरा स्थान है। इसलिए आपका सेकंड-टीयर क्लासिफिकेशन सही नहीं है। भारत क्लियरली फर्स्ट ग्रुप में है।

